


दैनिक

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-15, अंक -138 जबलपुर, गुरूवार 25 जून 2026 कीमत-1 रुपया पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीरांगना रानी दुर्गावती के 463वें बलिदान दिवस पर कार्यक्रम को जबलपुर में संबोधित किया

## अदम्य साहस, अद्वितीय पराक्रम और साहस की मिसाल थीं वीरांगना रानी दुर्गावती- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

जबलपुर एयरपोर्ट का नाम होगा रानी दुर्गावती के नाम पर- रानी दुर्गावती के नाम पर नवीन संस्थान का जबलपुर में जल्द होगा लोकार्पण






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रानी दुर्गावती, अदम्य साहस, अद्वितीय पराक्रम और साहस की प्रतिमूर्ति थीं। नारी शक्ति का पराक्रम मां दुर्गावती के व्यक्तित्व में नजर आता है। मुगलों को युद्धों में धूल चटाने वाली ऐसी वीरांगना रानी दुर्गावती का आज 463वां बलिदान दिवस है। रानी दुर्गावती ने गौंडवाना साम्राज्य में 52 गढ़ों पर शासन किया। पति की असमय मृत्यु के बाद 5 साल के बेटे को सिंहासन पर बैठाया और 15 साल तक जनता की सेवा के लिए और क्षेत्र की रक्षा के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। मध्यप्रदेश की धरती पर लगभग 500 वर्ष पूर्व रानी दुर्गावती का जन्म हुआ, लेकिन आज पूरा देश और प्रदेश उन्हें आदर के साथ स्मरण करता है। हमारा सौभाग्य है कि प्रदेश सरकार के गठन के बाद मंत्रि-परिषद की पहली बैठक जबलपुर में रानी दुर्गावती को समर्पित कर आयोजित की गई थी। इसके बाद दूसरी कैबिनेट बैठक रानी दुर्गावती के गौंडवाना साम्राज्य की राजधानी संग्रामपुर में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि जबलपुर एयरपोर्ट का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखने के लिए केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर उनकी समाधि स्थल नर्रई नाला जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रानी दुर्गावती को समर्पित नवीन संस्थान जबलपुर में 100 करोड़ रूपए की लागत से मदन महल के पास तैयार हो रहा है, जिसका लोकार्पण बहुत जल्द किया जाएगा। इस संस्थान से प्रदेश की भावी पीढ़ी रानी दुर्गावती के गौरवशाली अतीत और कार्यों से परिचित होंगी। जबलपुर में रानी दुर्गावती के नाम पर एक चिड़ियाघर (जू) और वन्य प्राणी रेस्क्यू सेंटर बन रहा है। इसके साथ ही 35वीं बटालियन मंडला का नाम रानी दुर्गावती के नाम पर रखा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के नायकों की वीरता और समृद्ध विरासत को सही रूप में प्रस्तुत करने के लिए %विरासत से विकास% अभियान शुरू किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रानी दुर्गावती का शासन काल, गौंड साम्राज्य का स्वर्णिम युग था। रानी दुर्गावती ने किसान कल्याण के लिए उस दौर में बीज संग्रह, फसल चक्रण और जल संचय के महत्वपूर्ण कार्य कराए थे। उनके प्रबंधन के परिणाम स्वरूप अनाज के भंडार भरे हुए थे।

किसानों के कल्याण के लिए ठोस निर्णय ले रही है सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए संकल्पित है और पूरा वर्ष किसानों को समर्पित करते हुए ठोस निर्णय ले रही है। अब किसान बंधुओं के लिए शून्य ब्याज दर पर 31 मार्च तक कर्ज चुकाने की बाध्यता खत्म कर दी गई है। किसान जिस तारीख को लोन लेंगे, तब से एक वर्ष की समयावधि में कर्ज चुकाया जा सकेगा। राज्य सरकार 880 करोड़ रुपए का भुगतान वित्तीय संस्थाओं को करेगी। राज्य सरकार पर्यटन, उद्योगों और अधोसंरचना विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शासकीय परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण करने पर सरकार किसानों को अब चार गुना मुआवजा देगी। प्रदेश में संचालित रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना से कोदो-कुटकी पैदा करने वाले किसानों को लाभ मिल रहा है। प्रदेश की लाड़ली बहनों को हर माह जारी हो रहे 1500 रुपए से उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ी है। किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि का भी लाभ मिल रहा है। रानी दुर्गावती द्वारा किसानों के कल्याण के लिये चलाये गये कार्यक्रमों से प्रेरित होकर प्रदेश सरकार भी निरंतर कृषक हित में कार्य कर रही है। हमारी सरकार के पास किसान कल्याण और कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन की कमी नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय कल्याण के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी लगातार कार्य कर रहे हैं।

## कोलकाता में निर्माणाधीन गोदाम ढहने से 5 की मौत, कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका



कोलकाता. (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के तारातला ट्रांसपोर्ट डिपो के पास बुधवार दोपहर एक निर्माणाधीन गोदाम में दर्दनाक हादसा हो गया. अचानक गोदाम का शेड भरभराकर गिर पड़ा, जिससे वहां काम कर रहे कई मजदूर मलबे के नीचे दब गए. घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. राहत और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचा और मलबे में फंसे लोगों को निकालने का अभियान शुरू किया. प्रशासन के अनुसार हादसे में कई लोगों के हताहत होने की आशंका बनी हुई है.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा दोपहर करीब 1.30 बजे हुआ. उस समय गोदाम में कंक्रीट ढलाई का कार्य चल रहा था और बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे. अचानक शेड का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया, जिससे वहां मौजूद लोग संभल भी नहीं सके. कुछ मजदूर बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि कई लोग मलबे के नीचे दब गए.

मौत का आंकड़ा बढने् की आशंका

प्रशासन ने पुष्टि की है कि हादसे में अब तक 5 लोगों की जान जा चुकी है. वहीं 13 लोगों को मलबे से सुरक्षित बाहर निकाला गया है. इनमें से कई घायल हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है. अधिकारियों का मानना है कि मलबे में अभी भी कई लोग फंसे हो सकते हैं, इसलिए मृतकों की संख्या बढने् की आशंका बनी हुई है.

युद्धस्तर पर चल रहा रेस्क्यू अभियान

घटना के बाद कोलकाता पुलिस, फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज, डिजास्टर मैनेजमेंट ग्रुप, सिविल डिफेंस और सेना की टीमें मौके पर पहुंचीं. भारी मलबे को हटाने के लिए क्रेन की मदद ली जा रही है. लोहे की मोटी छड़ों को गैस कटर से काटकर रास्ता बनाया जा रहा है ताकि अंदर फंसे लोगों तक जल्दी पहुंचा जा सके.

मलबे से सुनाई दे रही हैं आवाजें

बचावकर्मियों के अनुसार मलबे के भीतर से कई बार लोगों की आवाजें और मदद की पुकार सुनाई दी है. यही वजह है कि राहत दल बेहद सावधानी के साथ अभियान चला रहा है. किसी भी तरह की जल्दबाजी से अंदर फंसे लोगों को नुकसान पहुंचने का खतरा है. इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाया जा रहा है.

हादसे के कारणों की होगी जांच

फिलहाल प्रशासन की पहली प्राथमिकता सभी फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना है. इसके बाद यह जांच की जाएगी कि निर्माणाधीन ढांचे का शेड आखिर किन कारणों से गिरा. स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य जारी था और सुरक्षा मानकों की स्थिति की भी जांच होनी चाहिए. प्रशासन ने हादसे की विस्तृत जांच के संकेत दिए हैं.

## मानसून मप्र पहुंचा, 9 दिन लेट एंट्री

:4 दिन में पूरा राज्य कवर करेगा; मुंबई में बारिश से पेड़ उखड़े, कई गाड़ियां दबीं



भोपाल। मध्य प्रदेश-गुजरात में बुधवार को 9 दिन की देरी से मानसून की एंट्री हुई। दोनों राज्यों में मानसून आने की सामान्य तारीख 15 जून रहती है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून अगले 4 दिन में पूरे राज्य को कवर कर सकता है। इसी के साथ मानसून ने अब देश के 22 राज्यों को कवर कर दिया है। 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को कवर कर सकता है। वहीं, 13 दिन की देरी से मंगलवार को मुंबई में मानसून की एंट्री हुई। सुबह 8 बजे से बुधवार सुबह 7 बजे तक दो इलाकों मलवणी फायर स्टेशन में 334 और एफ/साउथ वार्ड में 328 बारिश हुई। 27 इलाकों में 200 से 300 के बीच बारिश हुई। मुंबई में अंधेरी सब-वे में पानी भर गया। इसे अस्थाई रूप से बंद किया गया है। विक्रोली वेस्ट में रिहायशी इमारत के पास बनी रिटेनिंग वॉल गिर गई। कई इलाकों में पेड़ उखड़े, जिसकी चपेट में आने से कई वाहनों को नुकसान पहुंचा। इधर, अरुणाचल प्रदेश में पिछले एक हफ्ते से तेज बारिश जारी है। आज सुबह कीयी पन्योर जिले में याजाली सर्किल के नीपको प्रोजेक्ट कॉलोनी में बाढ़ आ गई। घटना में 3 लोग लापता हुए हैं। 18 से ज्याद घरों को नुकसान पहुंचा है। कई निचले इलाकों में पानी भर गया है।

**देश के 6 राज्यों में प्री-मानसून बारिश जारी :** देश के 6 राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश जारी है। मंगलवार को बिहार में बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हुई थी। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण पश्चिम मानसून तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के कुछ इलाकों में आगे बढ़ गया है। अगले 2-3 दिनों में उत्तर प्रदेश में पहुंच सकता है।

## अपनी कुर्सी से चिपके हैं धर्मेंद्र प्रधान, मल्लिकार्जुन खड़गे का शिक्षा मंत्री पर हमला, मांगा इस्तीफा



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नीट पेपर लीक के विरोध पर धर्मेंद्र प्रधान की कथित टिप्पणियों को लेकर हमला बोला है। खड़गे ने प्रधान पर छात्र आंदोलनकारियों को 'विघटनकारी तत्वों की बी-टीम' कहकर अपमानित करने का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। उन्होंने मोदी सरकार पर 90 पेपर लीक और ठएएळ विवाद से 20 छात्रों की आत्महत्या का दावा करते हुए लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर नीट पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों के विरोध-प्रदर्शन पर उनकी कथित टिप्पणियों को लेकर तीखा हमला किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर लाखों छात्रों का भविष्य बर्बाद करने और परीक्षा में गड़बड़ियों के खिलाफ आवाज उठाने वालों का अपमान करने का आरोप लगाया। पर एक पोस्ट में, खड़गे ने दावा किया कि सरकार के कार्यकाल के दौरान "90 पेपर लीक" हुए हैं, जिससे लाखों छात्रों का भविष्य बर्बाद हो गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि ठएएळ पेपर लीक विवाद के कारण 20 छात्रों ने आत्महत्या कर ली। खड़गे ने कहा कि 90 बार पेपर लीक हुए हैं, लाखों छात्रों का भविष्य बर्बाद हो गया है, नीट पेपर लीक की वजह से 20 बच्चों ने अपनी जान दे दी है और कई परिवार बर्बाद हो गए हैं। लेकिन मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपनी कुर्सी से चिपके हुए हैं और इंटरव्यू देते समय 'स्टूडेंट्स इको' को 'आतंकवादी' कह रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे आरोप लगाया कि बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार सवाल उठाने वाले किसी भी व्यक्ति को देश-विरोधी करार देती है। किसानों के विरोध-प्रदर्शन का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले प्रदर्शनकारी किसानों को आंदोलन-जीवी और परजीवी कहा था। खड़गे ने जोर देकर कहा कि छात्रों का आंदोलन पूरे देश में जोर पकड़ेगा और उन्होंने प्रधान के इस्तीफे की मांग की। "देश यह नहीं भूला है कि प्रधानमंत्री मोदी ने खुद संसद में किसानों के हितैषियों को अपमानजनक ढंग से 'आंदोलन-जीवी' और 'परजीवी' कहा था। उन्होंने कहा कि जो कोई भी इस सरकार से सवाल करता है, उसे देश-विरोधी कहा जाता है। 'छात्रों की गूंज' पूरे देश में जोरदार ढंग से सुनाई देगी। मोदी सरकार के मंत्री प्रधान को इस्तीफा देना होगा।

इससे पहले, एक इंटरव्यू में प्रधान ने कहा था कि जंतर-मंतर पर उनके इस्तीफे की मांग को लेकर हो रहे विरोध-प्रदर्शन विघटनकारी तत्वों की 'बी-टीम' हैं।

## गंगा नदी में पांच छात्राएं डूबीं, एक का शव मिला



मुंगेर। बिहार में मुंगेर जिले के वासुदेवपुर थाना क्षेत्र स्थित श्यामपुर गंगा घाट पर बुधवार सुबह गंगा नदी में स्नान के दौरान एक छात्रा की डूबकर मौत हो गई तथा चार अन्य लापता हो गईं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि श्यामपुर बगचपरा मोहल्ले की रहने वाली क्रांति पासवान की बड़ी बेटी गंगा नदी में स्नान के दौरान गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। उसे बचाने के लिए उसकी तीन बहनें तथा पड़ोस के चामू पासवान की बेटी नदी में उतरीं, लेकिन सभी पांचों युवतियां पानी डूब गईं। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। एक छात्रा का शव बरामद कर लिया गया है,जबकि चार अन्य की तलाश राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम द्वारा की जा रही है। इस बीच मुंगेर के पूर्व भाजपा विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव कुमार यादव घटनास्थल पर पहुंचे और शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाया। उन्होंने बताया कि लापता छात्राओं की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम युद्धस्तर पर अभियान चला रही है।

## पाकिस्तान जा पहुंचा दिल्ली से अमृतसर आ रहा एयर इंडिया का विमान, चेतावनी मिलने पर लिया यू टर्न




नई दिल्ली। टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया का एक विमान मंगलवार रात गलती से पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गया, हालांकि इसका एहसास होते ही वह तुरंत वापस भारतीय सीमा में लौट आया। सूत्रों ने बताया कि उड़ान संख्या एआई-479 दिल्ली से अमृतसर पहुंची थी। उस समय अमृतसर हवाई अड्डे पर काफी ट्रैफिक था, इसलिए उतरने के लिए इंतजार कर रही सभी उड़ानों से ह्यहोल्ड करनेह्न के लिए कहा गया था। ऐसी स्थिति में विमान आसपास के इलाके में ही चक्कर लगाते हैं। इसी क्रम में एयर इंडिया की यह उड़ान कुछ देर के लिए पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गयी। सूत्रों का कहना है कि चालक दल के सदस्यों को इसका एहसास होते ही उन्होंने विमान को वापस भारतीय सीमा की तरफ मोड़ लिया। उन्होंने कहा कि अमृतसर हवाई अड्डा पाकिस्तानी सीमा के काफी करीब है, और कई बार गलती से ऐसा हो जाता है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों ने एक-दूसरे की एयरलाइंस के लिए अपने हवाई क्षेत्र बंद कर रखे हैं। इसके बावजूद, खराब मौसम या इस तरह की किसी आपात स्थिति में भारत पाकिस्तानी विमानों को अपने हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति देता रहा है। इसी महीने फ्लाई जिन्ना एयरलाइंस और मई में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस की एक-एक उड़ान को भारतीय सीमा में प्रवेश की अनुमति दी गई थी।

### 3 मिनट की देरी से उड़ा था विमान

एयरपोर्ट अथॉरिटी से मिली जानकारी के मुताबिक, एयरबस अक-321 विमान ने सोमवार रात 9 बजकर 18 मिनट पर दिल्ली से उड़ान भरी थी। यह विमान अपने तय समय से 3 मिनट देरी से उड़ा था। उड़ान के दौरान विमान में तकनीकी खराबी आई।

## मुंबई लोकल में युवक की हत्या, दरवाजा बंद करने को लेकर हुआ था विवाद, आरोपी फरार



मुंबई। मुंबई में लोकल ट्रेन के प्रथम श्रेणी कोच के दरवाजे को भारी बारिश के दौरान बंद करने को लेकर हुए विवाद में 22 वर्षीय एक यात्री की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की पहचान मयंक रमेश लोहार के रूप में हुई है। यह घटना सोमवार देर रात चर्चगेट से नालासोपारा जाने वाली तेज लोकल ट्रेन में अंधेरी और बोरीवली स्टेशनों के बीच हुई। बोरीवली रेलवे पुलिस के अनुसार, पीड़ित और आरोपी दोनों अंधेरी स्टेशन से एक ही प्रथम श्रेणी डिब्बे में सवार हुए थे। यात्रा के दौरान, तेज बारिश के बीच डिब्बे का दरवाजा खुला रखने या बंद करने को लेकर दोनों यात्रियों में बहस शुरू हो गई। यह विवाद देखते ही देखते हाथापाई में बदल गया, जिसके दौरान आरोपी ने कथित तौर पर चाकू निकालकर मयंक के पेट में घोप दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।यह घटना तब सामने आई जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हुआ, जिसमें एक यात्री प्रथम श्रेणी डिब्बे के भीतर खून से लथपथ पड़ा हुआ दिखाई दे रहा था और अन्य सह-यात्री इस दृश्य का वीडियो बना रहे थे। पश्चिमी रेलवे के अनुसार, चर्चगेट-नालासोपारा फास्ट लोकल ट्रेन रात 11 बजकर 4 मिनट पर बोरीवली स्टेशन पहुंची। कुछ ही मिनटों में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), रेलवे पुलिस और चिकित्सा दल डिब्बे में पहुंचे और घायल यात्री को आपातकालीन उपचार के लिए ले जाया गया। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस की देखरेख में शव को एम्बुलेंस से कांदिवली के शताब्दी अस्पताल भेजा गया। जांचकताओं ने बताया कि आरोपी ट्रेन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर पूरी तरह रुकने से पहले ही बोरीवली स्टेशन पर उतरकर फरार हो गया। उसकी पहचान करने और उसका पता लगाने के प्रयास जारी हैं। बोरीवली रेलवे पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के ग्राम ज्वाप जमुनिया में जमीन के पुराने विवाद को लेकर एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। यहां कुछ दबंगों ने ट्रैक्टर चलाकर करीब 15 एकड़ खेत में खड़ी फसल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। जब खेत के मालिक और उसके बेटे ने इस बात का विरोध किया, तो आरोपियों ने उन पर लाठियों और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में पिता और पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश तेज कर दी है।

**महापौर ने समाधि स्थल से लेकर भँवरताल तक लगाये महारानी वीरांगना दुर्गावती अमर रहे की जायघोष-हम सब गौरवशाली हैं कि वीरांगना रानी दुर्गावती द्वारा सिंचित भूमि पर जन्म लिए - जगत बहादुर सिंह ''अन्नू''**

# मॉ महारानी वीरांगना दुर्गावती का बलिदान ही नहीं संस्कारधानी के निर्माण में योगदान को भी हमेशा किया जायेगा याद - महापौर अन्नू

**महापौर ने पुष्पचक्र और पुष्प चढ़ाकर वीरांगना रानी दुर्गावती को दी श्रद्धांजलि, किया नमन और सभी बच्चों को शपथ भी दिलाई-भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ नगर निगम द्वारा मनाया गया बलिदान दिवस**







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मातृभूमि की रक्षार्थ आक्रमणकारी सेनाओं से वीरता पूर्वक युद्ध करते हुये अपने प्राणों का प्रेरणादायी बलिदान देशभक्ति का अप्रतिम आर्दश प्रस्तुत करने वाली गौड़वाना गढ़ा मण्ड़ला की महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती के 463वें बलिदान दिवस परंपरागत तरीके से नगर निगम ने मित्रसंघ दुर्गावती स्मृति रक्षा अभियान, कार्पोरेशन एथलेटिक संघ, एवं अन्य संस्थाओं के सहायोग से मनाया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मॉ महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती जी का शौर्य और बलिदान ही नहीं बल्कि संस्कारधानी के निर्माण में उनका अमूल्य योगदान को भी हमेशा हम सब याद रखेगें और उन्हें देवतुल्य मानकर उनकी पूजा करते रहेगें। हम सब गौरवशाली हैं कि वीरांगना रानी दुर्गावती द्वारा सिंचित भूमि पर जन्म लिए। महापौर श्री अन्नू ने कहा कि रानी दुर्गावती के शौर्य, पराक्रम, वीरता और पवित्रता के साथ जल प्रबंधन एवं कृषि व्यवस्था ने उनके कार्यकाल को ऐतिहासिक बनाया है। मॉ वीरांगना रानी दुर्गावती के कर्म भूमि पर हम सबका जन्म लेना एवं कर्म करना सौभाग्य की बात है। परंपरागत तरीके से भव्यता और दिव्यता के साथ नगर निगम ने मित्रसंघ, दुर्गावती स्मृति रक्षा अभियान, कार्पोरेशन एथलेटिक संघ के सहयोग से मनाया गया बलिदान दिवस। उन्होंने समाधि स्थल से लेकर भँवरताल प्रतिमा स्थल तक मॉ वीरांगना महारानी दुर्गावती अमर रहे के जयघोष भी लगाये। महापौर ने बारहा स्थित समाधि स्थल और भँवरताल पार्क में स्थापित प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित किये और उपस्थित सभी बच्चों को उनके शौर्यगाथा को शपथ के माध्यम से विस्तृत रूप से वर्णन कर शपथ भी दिलाई।

उन्होंने कहा कि हम सब गौरवशाली हैं कि जिस धरती को वीरांगना रानी दुर्गावती जी ने अपने खून से सिंचित किया उस धरती पर हम सब जन्में हैं और आज उनकी कीर्ति और शौर्य गाथा के कारण खुली हबा में स्वतंत्र होकर जीवन जीकर धन्य कर रहे हैं। मंच से महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने यह भी कहा कि हम सब आज धन्य है कि हमें इनके चरणों में वंदन अभिनंदन और पुष्पांजलि अर्पित करने का मौका मिला।

कार्यक्रम के मौके पर महापौर श्री अन्नू ने विचार व्यक्त किये और वीरांगना रानी दुर्गावती की कीर्ति एवं गाथाओं का बखान किया और युवा पीढ़ी को संदेश दिया। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने मंच से मित्रसंघ एवं मिलन के सहयोग की भी सराहना की।

बलिदान दिवस के अवसर पर कदम संस्था के कलाकारों द्वारा कृष्णकांत दीक्षित के निर्देशन में वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य और बलिदान को नृत्यनाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया वहीं गौड़ी नृत्य एवं आदिवासी नृत्य की प्रस्तुत भी दी गयी।

कार्यक्रम के दौरान निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने भी वीरांगना महारानी दुर्गावती के शौर्य और पराक्रम पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', सांसद राज्य सभा श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, सांसद आशीष दुबे, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, जे.डी.ए. अध्यक्ष संदीप जैन, जे.डी.ए. उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती अश्वनी परांजपे, जिला महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, श्रीमती आत्मिका सिंह, जिला महामंत्री रंजीत पटेल, सोनू बचवानी, प्रदेश सहसंयोजक सुधांशु गुप्ता, एम.आई.सी. सदस्य विवेक राम सोनकर, डॉ. सुभाष तिवारी, श्रीमती अंशुल राघवेंद्र यादव, पार्षद जीतू कटारे, संतोषी ठाकुर, रजनीश यादव, मालती चैधरी, मित्रसंघ एवं मिलन के संयोजक सच्चिदानंद शेकटकर, पारितोष वर्मा, सचिव महेन्द्र विश्वकर्मा, सह संयोजक राहुल अग्रवाल, नगर निगम के आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चैहान, व्ही.एन. बाजपेयी, अशफाक परवेज कुरैशी, खेल अधिकारी बी.एस. डांगी, कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे, प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय, राकेश जैन, श्रीमती दीप्ति शर्मा, श्रीमती रागनी गर्ग, श्रीमती कीर्ति परोहा, विजय श्रीवास्तव, श्रीमती संध्या जैन, कार्पोरेशन एथलेटिक संघ के अध्यक्ष महेन्द्र विश्वकर्मा की भूमिका भी सराहनीय रही।

बलिदान दिवस पर आयोजित मिनी मैराथन पुरूष एवं महिला वर्ग के 13-13 विजेता धावक हुए सम्मानित

वीरांगना दुर्गावती संभागीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता पुरूष तथा महिला वर्ग के खिलाड़ियों को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू द्वारा पुरस्कार वितरण किये गए तथा विजेता बालक एवं बालिकाओं को रामनी पटैल एवं साहिल साहू को प्रथम पुरूस्कार के रूप में 21-21 हजार, नेहा लोधी एवं लविस कुमार द्वितीय को 11-11 हजार, अंशिका लोधी एवं आदित्य राज तृतीय को 5-5 हजार रूपये पुरस्कार के साथ-साथ 10-10 धावकों जिसमें बालिकाओं में अनुश्री, लक्ष्मी बेन, अनुष्का बेन, अर्पिता बेन, शिवानी, सुमन भारती, मुस्कान पटैल, गरिमा नंदवानी, इशिका बेन, मायसरा अंसारी एवं बालक वर्ग में शुभम मिश्रा, राजेश केवट, नीलेश चैधरी, समीर मलिक, अश्विन दुबे, चिराग कोल, उज्जवल तिवारी, राजेश महतो, शनि सिंह नेगी, राज राजपूत को सांत्वना पुरूस्कार के रूप में 2-2 हजार रूपये प्रदान किये गए। कार्यक्रम में अतिथि स्वागत एवं आभार प्रदर्शन अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने एवं कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय ने किया।

## रानी दुर्गावती का शौर्य, स्वाभिमान और बलिदान युगों-युगों तक प्रेरणा देता रहेगा - सूरज जायसवाल



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के अवसर पर आज उनके बलिदान स्थल नरई में जनता दल (यू) मध्य प्रदेश द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्री सूरज जायसवाल के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री सूरज जायसवाल ने कहा कि रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास की महानतम वीरांगनाओं में से एक थीं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन साहस, त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती जैसा शौर्य और बलिदानी इतिहास देश में दूसरा नहीं है। श्री जायसवाल ने कहा कि रानी दुर्गावती का बलिदान केवल मध्य प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। उनके आदर्श आज भी युवाओं को राष्ट्र सेवा, सामाजिक न्याय और आत्मसम्मान के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने रानी दुर्गावती अमर रहें, वीरांगना रानी दुर्गावती अमर रहें के नारों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव श्री नीलेश सिंह, पार्टी के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर की 73वीं बैठक का आयोजन





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर की 73वीं बैठक दिनांक 24.06.2026 को समिति अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक, श्री दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुरूप सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी को प्रेरणा एवं प्रोत्साहन से आगे बढ़ाया जाए। मुझे खुशी है कि इस रेलवे पर राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने सबका आव्हान करते हुए कहा कि हिंदी का प्रचार-प्रसार सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी को ठोस प्रयास करने होंगे तभी हम वार्षिक कार्यक्रमों के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेगें। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों एवं मंडलों/कारखानों के कार्यालय प्रमुखों से विभिन्न राजभाषा मदों पर अमल कर कार्रवाई करने को कहा।

बैठक के दौरान राजभाषा विभाग, पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय, जबलपुर की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका 'राजभाषा सरिता' के 57वें अंक का विमोचन किया गया। उन्होंने राजभाषा पत्रिका के नियमित प्रकाशन पर प्रसन्ता व्यक्त की। बैठक में उपस्थित मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख?य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री एम.एस.हाशमी ने समीक्षाधीन तिमाही में मुख्यालय, मंडलों एवं कारखानों में आयोजित कार्यक्रमों जैसे हिंदी साहित?यकारों की जयंती एवं हिंदी कार्यशाला से समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने रेलवे बोर्ड स्तर पर पमरे मुख्यालय को रेल मंत्री राजभाषा शील्ड प्राप्त होने पर बधाई दी।

इस बैठक में समिति सदस्य एवं विभाग प्रमुख तथा मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक व कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक ऑन लाइन उपस्थित थे। सभी ने विभागों, मंडलों तथा कारखानों में सरकारी कामकाज में हुई राजभाषा प्रगति से अध्यक्ष/महाप्रबंधक पमरे को अवगत कराया तथा रचनात्मक सुझाव दिये।

## छावनी में पेयजल बना मुसीबत टैंकरों से पानी उपलब्ध कराए केन्ट बोर्ड

जबलपुर. इन दिनो छावनी क्षेत्र के हजारों रहवासी दशक के सबसे भयंकर जल संकट का सामना कर रहे हैं. वाटर टैक्स के नाम पर वसूली तो जमकर होती है लेकिन भीषण जल संकट के दौर में आम नागरिकों को उपेक्षित छोड़ दिया गया है. मानव अधिकार एवंअपराध नियंत्रण संगठन के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वाधवानी, एड. भावना निगम, डॉ. अभिषेक जैन, रोशन बावरिया, डॉ . अभिजीत जैन आदि ने केन्ट बोर्ड प्रशासन से मांग की है कि जब तक पेयजल स?कट बना हुआ है, तब तक लोगों को टैंकर के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जाए.

**पाटन में ई-अटेंडेंस को लेकर जारी निर्देश पर उठे सवाल, शिक्षक संगठनों ने की कार्यवाही की मांग**

## ट्रांसफर के बाद भी कार्यमुक्त नहीं हुए एडीपीसी, शिक्षकों में नाराजगी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शिक्षा विभाग में पदस्थ एडीपीसी एवं पाटन विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे गौतम बर्बे एक बार फिर चर्चा में हैं। विभागीय आदेश के अनुसार उनका स्थानांतरण डिंडोरी में सहायक संचालक के पद पर हो चुका है, वहीं पाटन बीईओ के पद पर पूजा जैन की पदस्थापना भी हो चुकी है। इसके बावजूद अब तक उनके कार्यमुक्त नहीं होने को लेकर शिक्षकों के बीच विभिन्न प्रकार की चर्चाएं चल रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ई-अटेंडेंस व्यवस्था को लेकर पाटन विकासखंड में जारी किए गए निर्देशों से शिक्षकों में असंतोष का वातावरण निर्मित हो गया है। उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 9 जून 2026 को ई-अटेंडेंस संबंधी आदेश जारी किया गया था, जिसमें उपस्थिति के आधार पर वेतन भुगतान की व्यवस्था लागू किए जाने की बात कही गई थी।

शिक्षकों का कहना है कि 10 जून से 15 जून के मध्य परीक्षा, मूल्यांकन, प्रशिक्षण एवं अन्य विभागीय दायित्वों के कारण अनेक शिक्षक विद्यालयों में नियमित रूप से उपस्थित नहीं थे अथवा उनकी ड्यूटी अन्यत्र लगी हुई थी। ऐसे मामलों में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकी, जबकि संबंधित शिक्षकों की उपस्थिति विद्यालयों के हस्ताक्षर पंजी में विधिवत दर्ज है।

इसी बीच दिनांक 23 जून 2026 को पाटन बीईओ कार्यालय से जारी एक आदेश में समस्त प्राचार्यों को निर्देशित किया गया कि 8 जून से 14 जून 2026 की ई-अटेंडेंस के आधार पर वेतन आहरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, अन्यथा संबंधित कर्मचारियों के वेतन भुगतान में कटौती की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस निर्देश के बाद शिक्षकों में रोष एवं असंतोष देखा जा रहा है।

शिक्षकों का तर्क है कि जिस अवधि की उपस्थिति के आधार पर वेतन निर्धारण की बात कही जा रही है, उस दौरान ई-अटेंडेंस व्यवस्था प्रारंभिक चरण में थी तथा अनेक कर्मचारी विभागीय कार्यों में संलग्न थे। ऐसे में केवल ऑनलाइन उपस्थिति को आधार बनाना व्यावहारिक नहीं माना जा सकता। उनका यह भी कहना है कि यदि ई-अटेंडेंस व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू किया जा रहा है तो इसका पालन सभी स्तरों—विद्यालयों, विकासखंड कार्यालयों तथा जिला कार्यालयों—में समान रूप से सुनिश्चित किया जाना चाहिए। विभिन्न शिक्षक संगठनों ने प्रशासन एवं जिला प्रशासन से इस पूरे मामले की समीक्षा कराने तथा स्थानांतरित अधिकारी को शीघ्र कार्यमुक्त किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि स्पष्ट एवं व्यवहारिक दिशा-निर्देश जारी किए बिना शिक्षकों के वेतन संबंधी कार्रवाई करना उचित नहीं होगा।

शिक्षक संगठनों ने अपेक्षा व्यक्त की है कि शासन एवं जिला प्रशासन इस विषय में वस्तुस्थिति का परीक्षण कर आवश्यक निर्णय लेंगे, जिससे शिक्षकों में व्याप्त असमंजस एवं असंतोष की स्थिति समाप्त हो सके।

## भारतीय संस्कृति में सनातन सर्वोपरि है-गीता रामायण पर 51 प्रश्नों के उत्तर दिए गए

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लोकधारा संस्था द्वारा भारतीय संस्कृति, धर्म एवं साहित्य को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से卐रामायण-गीता प्रश्न मंच卐 का भव्य आयोजन साहित्य परिसर, कचनार सिटी, मेन गेट, विजय नगर, जबलपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रीरामचरितमानस एवं श्रीमद्भगवद्गीता पर आधारित 51प्रश्नों के उत्तर उपस्थित दर्शकों ने दिए। प्रतिभागियों को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी अनुभव प्राप्त हुआ।



कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत उद्बोधन से हुआ, जिसमें इंजी. विनोद नयन ने बताया कि? भारतीय संस्कृति में सनातन सर्वोपरि है इसके पश्चात मुख्य वक्ता भागीरथ शर्मा ने शबरी और केवट प्रसंग सुन कर सभी को आनंदित किया । सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति श्रीमती सेन ने दी तथा नृत्य निर्देशन का दायित्व श्रीमती स्वाति मोदी ने निभाया। श्री राम स्तुति एवं कृष्ण लीला पर आधारित

सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शांभवी सिंह, पावनी तिवारी, संजीवनी शुक्ला, साहित्य खरे एवं काव्या सिंगराहा ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। वहीं गीत गायन में डॉ. विनीता पाण्डेय 'विनीत' एवं श्रीमती प्रीति नामदेव 'भूमिजा' ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं।

कार्यक्रम की परिकल्पना डॉ. अंकिता नेमा द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन श्री बसंत कुमार शर्मा एवं डॉ. विनोद बाजपेयी ने किया। समन्वयक श्रीमती ज्योत्सना शर्मा, संयोजन डॉ. रानू रूही तथा आभार प्रदर्शन एड. तृप्ति त्रिवेदी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं में साहित्यिक योगदान हेतु 卐साहित्य सेवा सम्मान卐 डॉ. मुकुल तिवारी को समर्पित किए किया गया। साथ ही प्रकृति पर्यावरण फाउंडेशन के प्रमुख अनिमेष मोदी द्वारा स्वनिर्मित पौधे भेंट किए गए।

कार्यक्रम में सहभागी संस्थाओं में प्रसंग अंतर्राष्ट्रीय संस्था, श्री रामलीला समिति गढ़ा, पंचदीप, विजन जबलपुर, शब्दगंध, विविध कला साहित्य अकादमी, वंदे मातरम्, श्री जानकीरमण महाविद्यालय, साहित्य संसार, काव्य कलश, सजल इकाई जबलपुर, कचनार महिला परिषद एवं लोकधारा संस्था की सक्रिय सहभागिता रही। आयोजन के मार्गदर्शक इंजी. विनोद नयन रहे। संस्था के संस्थापक श्री गुप्तेश्वर द्वारका गुप्त, संरक्षक श्री अभय तिवारी, अध्यक्ष श्रीमती मिथलेश नायक, उपाध्यक्ष श्रीमती रत्ना ओझा तथा सचिव श्री सुभाष मणि बैरागी की उपस्थिति एवं सहयोग उल्लेखनीय रहा।महिला प्रकोष्ठ में अध्यक्ष एड. प्रभा खरे, उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रप्रकाश वैश्य, सचिव श्रीमती तरुणा खरे, सह सचिव डॉ. आशा श्रीवास्तव, समन्वयक श्रीमती प्रभा श्रीवास्तव,तथा प्रचार-प्रसार सचिव श्री प्रकाश सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, सहयोगी संस्थाओं एवं उपस्थित जनों के प्रति श्रीमती तरुणा खरे द्वारा आभार व्यक्त किया। सचिव डॉ रानू रूही



भोपाल -कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) गौतम टेटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश कौशल विकास के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क इसका सशक्त उदाहरण है, जिसने राष्ट्रीय ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि कौशलयुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे मजबूत आधारशिला हैं।

**सायबर अपराध में सावधानी ही है सबसे बड़ा बचाव- सायबर सुरक्षा के 3 सूत्र अपनाएं- जागरूकता, सावधानी और सहभागिता- सायबर धोखाधड़ी होने पर अविलंब 1930 पर करें शिकायत- अनजान लिंक पर क्लिक न करें**

# सायबर सुरक्षा को जन आंदोलन बनाने की जरुरत, हर नागरिक बने डिजिटली जागरुक- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल -(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सायबर खतरा एक ऐसा अदृश्य दुश्मन है , जो बिना दस्तक दिए हमारे घरों तक पहुंच रहा है। सायबर खतरों को समझना ही उनसे बचने का सबसे बड़ा रास्ता है। सावधानी ही सुरक्षा है और जानकारी ही बचाव है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट, डीप-फेक, फेक प्रोफाइल, हैकिंग, डेटा ब्रीचिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, ओटीपी धोखाधड़ी, ऑनलाइन शॉपिंग ठगी, रैनसमवेयर हमले और फर्जी निवेश लिंक जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की जनता को सायबर सुरक्षा के तीन महत्वपूर्ण सूत्र %जागरूकता, सावधानी और सहभागिता% के बारे में बताकर कहा कि जो लोग सायबर सुरक्षा की जानकारी रखते हैं, वे दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित 'राज्य व्यापी सायबर जागरूकता अभियान' के तहत सेफ क्लिक 2.0%% के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह अभियान 24 जून से शुरू होकर 8 जुलाई तक प्रदेश के 10 संभाग, 55 जिलों और 50 हजार से अधिक गांव में एक साथ चलेगा। इस अभियान के तहत सायबर ठगी और अन्य अपराधों से बचने के लिए जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सायबर जागरूकता अभियान के पोस्टर, स्कूली बच्चों के लिए तैयार की गई सायबर जागरूकता बुकलेट्स तथा अभियान के ऑफिशियल वीडियो का विमोचन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सायबर जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। समापन पर प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान के संचालन के लिए मध्यप्रदेश पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि संकट के समय मध्यप्रदेश पुलिस हमेशा संकटमोचक हनुमान की भूमिका में रहती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वर्ष 2025 में प्रदेश में विभिन्न सायबर जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से 33 लाख से अधिक नागरिकों को जागरूक किया गया। अब अभियान का विस्तार पंचायतों, स्कूलों, बैंकों, बाजारों, धार्मिक स्थलों और सरकारी कार्यालयों तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के 56 विभागों की लगभग 1700 सेवाएं एकीकृत पोर्टल पर उपलब्ध हैं और इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से सायबर सुरक्षा को जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में सायबर खतरे अदृश्य रूप में हमारे जीवन में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन और कंप्यूटर के माध्यम से होने वाले सायबर अपराधों से बचाव के लिए सावधानी और जागरूकता ही सबसे प्रभावी हथियार है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सायबर अपराधों के प्रति प्रदेशवासियों को जागरुक करने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस का सेफ क्लिक 2.0%% सायबर जागरूकता अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अभियान से प्रदेश के सभी नागरिक जागरूक होंगे। उन्होंने कहा कि सायबर अपराधी एक प्रकार से डिजिटल दौर के राक्षस हैं, जो दबे पाँव लैपटॉप, कम्प्यूटर और मोबाइल के जरिए हमारे साथ सेंधमारी और डकैती करते हैं। आजकल डिजिटल अरेस्ट, डीप फेक, डेटा ब्रीजिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, रेनसमवेयर अटैक जैसे अनेक प्रकार के सायबर अपराध संचालित हैं। लेकिन सायबर अपराधों के मामले में सावधानी ही बचाव है। मध्यप्रदेश पुलिस ने देश में पहली बार सायबर डकैती का लाइव पर्दाफाश किया था। इसके लिए मध्यप्रदेश पुलिस बधाई की पात्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश पुलिस ने पिछले वर्ष अपने सायबर जागरुकता अभियान के माध्यम से लगभग 33 लाख से अधिक नागरिकों को सतर्क किया था। इस वर्ष 15 दिन तक चलने वाले सेफ क्लिक 2.0%% अभियान में हर दिन अलग थीम रखी गई है। इस दौरान लोगों को बैंकिंग, महिला सुरक्षा, ग्रामीण इलाकों में जागरुकता के बारे में बताया। यह अभियान बैंकों, बाजारों, स्कूलों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थलों पर संचालित किया जाएगा। इसके लिए लोकरंजन के रुचिकर कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। सायबर सुरक्षा को जागरूकता, सावधानी और सहभागिता के माध्यम से प्रभावी बनाया जाएगा। सायबर अपराध हेल्पलाइन 1930 और नेशनल सायबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के बारे में लोगों को बताया जा रहा है। यह नंबर सायबर अपराध के मामले में सबसे पहले पीड़ितों की ढ़ाल बनता है।

लालच और जल्दबाजी कर सकती है आर्थिक नुकसान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों को सचेत करते हुए कहा कि अगर आपको कोई अनजान लिंक मिले या डराने धमकाने की कॉल आए तो रुको, सोचो और फिर एक्शन लो%%। लालच और जल्दबाजी आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती है। पुलिस के अभियान को जन जागरुकता अभियान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में हम सभी सहभागी बनें। राज्य सरकार ने सायबर अपराध के विरुद्ध मजबूत फ्रेमवर्क तैयार किया है। नागरिकों के डेटा संरक्षण के लिए डिजिटल पर्सनल डेटा एक्ट को भारत सरकार ने लागू किया है। प्रदेश में कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम का गठन किया गया है। राज्य शासन के 56 विभागों की 1700 से अधिक सेवाओं को एक पोर्टल पर उपलब्ध कराया गया है। यह एक प्रशंसनीय पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेफ क्लिक 2.0%% अभियान में बैकों, बाजारों, धार्मिक स्थलों सबको जोड़ा गया है। अभियान को शुरू करने का यही सही समय है, क्योंकि हमारी युवा पीढ़ी उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालयों में प्रवेश ले रही है।

## एमपी ट्रांसको के एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज सबस्टेशनों की सुरक्षा के लिए हाई-परफॉर्मेंस एचडी सीसीटीवी कैमरे लगे- ऊर्जा मंत्री तोमर



भोपाल (आरएनएस)-ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, ग्वालियर सहित राज्य के अपने एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशनों की सुरक्षा सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हाई-परफॉर्मेंस एचडी सीसीटीवी कैमरों की स्थापना शुरू कर दी है। लगभग 8.15 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना विद्युत ग्रिड को चोरी, अनाधिकृत प्रवेश और संभावित नुकसान से सुरक्षित रखने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के 417 सबस्टेशनों पर कैमरे चरणबद्ध तरीके से लगाए जा रहे हैं।

इन कैमरों की स्थापना से सबस्टेशनों की सुरक्षा एवं गश्त में मानव संसाधन के साथ तकनीक के उपयोग से सुरक्षा की दोहरी परत सुनिश्चित की जा सकेगी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि यह पहल एमपी ट्रांसको द्वारा एक्स्ट्रा हाई टेंशन लाइनों की निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक के उपयोग के बाद उठाया गया एक और तकनीकी कदम है, जो कंपनी के टेक्नोलॉजी-आधारित सुरक्षा समाधान की दिशा में बढ़ते प्रयासों को दर्शाता है। कैमरे लगाने का निर्णय पूर्व में ट्रांसफॉर्मरों से कॉपर न्यूट्रल स्ट्रिप की बढ़ती चोरी की घटनाओं के मद्देनजर लिया गया था। ये कॉपर स्ट्रिप ट्रांसफॉर्मर का अत्यंत महत्वपूर्ण भाग हैं, जिनके हटाए जाने से व्यापक क्षति और विद्युत आपूर्ति में गंभीर बाधा उत्पन्न हो सकती है। चोर इन कॉपर स्ट्रिप्स को निशाना बना रहे थे, जिनका उनके लिए भले ही सीमित मूल्य हो, लेकिन ट्रांसफॉर्मरों के लिए यह अत्यंत आवश्यक हैं। इन स्ट्रिप्स को हटाने से न केवल चोरों के जीवन को खतरा होता है, बल्कि ट्रांसफॉर्मर फेल होने की स्थिति में उपभोक्ताओं को तीन से चार माह तक बिजली आपूर्ति से वंचित होना पड़ सकता है।

**मुख्य सचिव जैन ने की विभागीय समीक्षा**

## सीएम हेल्पलाइन और लोकसेवा गारंटी के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के दिये निर्देश



भोपाल (आरएनएस)-मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे आमजन को सीधे राहत पहुंचाने वाली लोकसेवा गांरटी योजना और सी.एम हेल्पलाइन के प्रकरणों का समय-सीमा में संतुष्टिदायक निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागाध्यक्षों से वार्षिक कार्य-योजना भी शीघ्र देने के लिए कहा है। मुख्य सचिव श्री जैन बुधवार को मंत्रालय में विभागीय कार्यों और योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी योजना के प्रकरणों का विभागाध्यक्ष साप्ताहिक रिव्यू और मानीटरिंग करें। निचले स्तर के अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा हो और समय-अवधि में ही प्रकरण निराकृत हों। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष कार्यालय तक तो प्रकरण आना ही नहीं चाहिए। इस दौरान विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई और समय-सीमा में जबाव-दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि केबीनेट से स्वीकृत प्रकरणों में शत-प्रतिशत आदेश आदि हो जाएं।

बैठक में वर्ष 1947 से पूर्व के कानूनों में पुनर्संशोधन अथवा निरसन किए जाने की कार्यवाही की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि ऐसे कानून जिनकी अब जरूरत नहीं हैं- ठीक से परीक्षण कर लें और यथोचित प्रस्ताव प्रस्तुत करें। इस दौरान विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में आने वाले विधेयक और एक्ट आदि पर भी गहन चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने शीघ्र ही इस तरह के विधेयकों को तैयार कर केबीनेट के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कहा है जिससे आगामी सत्र में उन्हें प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि पूर्व सत्रों के शून्यकाल, अपूर्ण प्रश्न, आश्वासन और लोकलेखा समिति की सिफारिशों संबंधी उत्तर विधानसभा को समय-सीमा में प्रस्तुत कर दिए जाएं।

मुख्य सचिव श्री जैन ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी शासकीय भवनों की छत पर सोलर पैनल लगाने के काम में तेजी लाएं और राज्य स्तर पर समन्वय के लिए जिलावार नोडल आफीसर नियुक्त करें। इस दौरान उद्योग विभाग से संबंधित डी रेगुलेशन के 12 प्रकरणों पर भी चर्चा हुई। बैठक में गृह विभाग के साइबर धोखाधड़ी, पाक्सो एक्ट के प्रकरणों, मादक और विस्फोटक पदार्थों की रोकथाम तथा नवीन न्याय संहिता पर विमर्श किया गया।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित**

## एक पेड़ मां के नाम केवल एक अभियान नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, संवेदनाओं और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों का प्रतीक - मोहम्मद अशफाक आरिफ

जबलपुर-पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और मातृ सम्मान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन, जबलपुर (मध्य प्रदेश) इकाई द्वारा प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी अभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत खानकाह अमीरे मिल्लत, हनुमानताल गार्डन, मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान परिसर में व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अशफ़ाक आरिफ़ ने कहा कि 卐एक पेड़ मां के नाम卐 केवल एक अभियान नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, संवेदनाओं और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों का प्रतीक है। मां हमें जीवन देती है और वृक्ष भी हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन, शुद्ध वातावरण और प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण को देखते हुए वृक्षारोपण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन केवल पत्रकारों के हितों के लिए ही नहीं बल्कि सामाजिक सरोकारों और जनहित के मुद्दों पर भी लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ तथा अन्य विशेष अवसरों पर पौधारोपण को परंपरा बनाएं। जिला अध्यक्ष चन्द्र मोहन विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि 卐हर पौधा भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य उपहार है। वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं बल्कि मानव जीवन की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाते हैं।

यदि हम आज वृक्षों की रक्षा करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण प्रदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन जबलपुर इकाई समाजहित के विभिन्न कार्यक्रमों में निरंतर सहभागिता कर रही है और आगे भी पत्रकार एकता, पर्यावरण जागरूकता, सामाजिक सेवा तथा जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देती रहेगी। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आग्रह किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते बल्कि मानव जीवन, जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और सभी प्रतिभागियों ने यह संदेश दिया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान को जनआंदोलन बनाकर अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प के साथ सभी का आभार व्यक्त किया गया।मां के सम्मान में एक पौधा, पर्यावरण संरक्षण की ओर एक मजबूत कदम। इस अवसर पर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अशफ़ाक आरिफ़, वरिष्ठ पत्रकार एवं पठान समाज के सरदार हाजी मुईन



ख़ान, मुस्लिम विकास परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन जबलपुर के जिला अध्यक्ष चन्द्र मोहन विश्वकर्मा, फैजान कुरैशी, टीकाराम कोष्ठा, मेहताब आलम, मुख़्तार अंसारी, इरफ़ान कुरैशी, बब्लू मंसूरी, साजिद खान, शाहिद कुरैशी, तारिक कुरैशी, अशरफ कुरैशी तथा मुजफ्फर कुरैशी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## गोंडवाना साम्राज्य की शौर्य-प्रतिमूर्ति, नारी शक्ति और स्वाभिमान की प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती के 462वें बलिदान दिवस पर मध्य प्रदेश अजाक्स संघ, जिला जबलपुर की ओर से कोटि-कोटि नमन।



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स जिला जबलपुर के जिला अध्यक्ष योगेश चौधरी ने बताया है कि आज जब हम गोंडवाना साम्राज्य की शौर्य प्रतिमूर्ति, नारी शक्ति और स्वाभिमान की प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती के 462वें बलिदान दिवस पर प्रतिमा स्थल भंवर ताल में संघ द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की और हम उनका बलिदान दिवस मना रहे हैं, तब हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर शिक्षा, सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण के लिए संगठित होकर कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए।मध्य प्रदेश अजाक्स संघ, जिला जबलपुर समस्त प्रदेशवासियों से आह्वान करता है कि रानी दुर्गावती के त्याग और बलिदान को याद रखते हुए सामाजिक समरसता, स्वाभिमान और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर आगे बढ़ें।

इस अवसर पर अजय सोनकर, राजेन्द्र तेकाम, योगेश चौधरी,उदय राज सिंह, राकेश समुन्द्रे, नरेश कुलस्ते, सुभाष खण्डारे, अजय मरकाम, धर्मेंद्र कुकरेले, मुकेश मरकाम,पवन बावरिया, बालकृष्ण उईके, मूलचंद अहिरवार,रामकिशोर इडपाचे, के के गोटिया, रामशंकर श्रृंगी आदि उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योगासन में जबलपुर के प्रणव साहू ने जीता स्वर्ण पदक






**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। अहमदाबाद के ई के ए एरिना में हुए अंतर्राष्ट्रीय योगासन ऐतिहासिक टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने 102 स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया । चैंपियनशिप 2026 में कुल 79 देश के 500 से अधिक एथलीटो और टीमों ने हिस्सा लिया था इस वैश्विक प्रतियोगिता में मेजबान टीम इंडिया के अलावा यू एस ए , जापान ,केन्या , श्रीलंका,



अर्जेंटीना, सिंगापुर ,नेपाल उज़्बेकिस्तान और नीदरलैंड आदि टीमों ने हिस्सा लिया था । अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जबलपुर के प्रणव साहू ने हिस्सा लेकर गोल्ड मेडल जीतकर देश ,प्रदेश, व नगर का नाम रोशन किया । जबलपुर आगमन पर इनका भव्य स्वागत किया गया । इसके पूर्व में भी अनेक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं आप जबलपुर खेरमाई निवासी श्री शैलेंद्र साहू व श्रीमती रंजना साहू के पुत्र हैं



हिंदू धर्म में मां गायत्री को वेदों की जननी, ज्ञान और पवित्रता की देवी माना जाता है। मां गायत्री को वेदों की माता, देवमाता और विश्वमाता के रूप में भी जाना जाता है। मां गायत्री को पांच मुख वाली देवी के रूप में दर्शाया गया है। उनके यह पांच मुख पंचतत्वों का प्रतीक है। मां गायत्री की पूजा करने से व्यक्ति को समृद्धि, ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति होती है। बता दें कि यदि कोई जातक की कोई मनोकामना है, तो उसको पूरा करने के लिए रोजाना गायत्री चालीसा का पाठ करना चाहिए।



## बढ़ती आर्थिक चुनौतियां

वित्त मंत्रालय के मुताबिक तीन कारणों से दुनिया नया आकार ले रही है: महाशक्तियों में प्रतिस्पर्धा, पश्चिमी गठबंधन में दरार, और मैनुफैक्चरिंग में चीन का वर्चस्व। इसके अनुरूप ढलने के लिए भारत के पास बहुत कम वक्त है। बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच वैश्विक आपूर्ति शृंखला में आए बदलावों से तालमेल बनाने के लिए भारत के पास एक बहुत छोटी खिड़की मौजूद है। यह बात केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने स्थायी संसदीय समिति के सामने कही। बताया गया कि चीन ने अपने नए कानून के तहत वहां स्थित आपूर्ति शृंखला को बाधित कर दिया है। वहां से अपने कारखाने हटाने वाली कंपनियों को वह दंडित कर रहा है। इससे भारत में मैनुफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए अपनाई गई नीति के सामने मुश्किलें खड़ी हुई हैँ। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस समय ये तीन परिघटनाएं दुनिया को नया आकार दे रही है: बड़ी ताकतों में प्रतिस्पर्धा, पश्चिमी गठबंधन में दरार, और मैनुफैक्चरिंग में चीन का प्रभुत्व। मंत्रालय ने कहा कि इन परिवर्तनों पर भारत को अधिक फुर्तीला और रणनीतिक प्रतिक्रिया दिखानी होगी। ऐसा करने के लिए देश के पास 'बहुत छोटा अवसर' है। मंत्रालय ने कहा कि महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा के तहत व्यापार, तकनीक, और वित्त का उपयोग सामान्य लाभ उठाने के बजाय रणनीतिक हितों के मुताबिक किया जा रहा है। इसी क्रम में चीन ने अपने यहां से कारखाना, तकनीक, या विशेषज्ञों को दूसरे देशों में- खासकर भारत ले जाने की राह में कानूनी रुकावट खड़ी कर दी है। भारत में साझा उद्यम या देशी निवेश के तहत लगाए जा रहे कारखानों की इन मामलों में चीन पर निर्भरता रही है। स्पष्टत: ये दोनों परिघटनाएं भारत के लिए चुनौती बनकर आई हैँ। हालांकि यूरोप और अमेरिका के बीच पड़ती दरार को वित्त मंत्रालय ने भारत के लिए अवसर के रूप में देखा है, मगर इसका लाभ उठाने के लिए तुरंत खुद को तैयार करने की चुनौती उसके सामने है।

# पेपर खरीदने वालों के खिलाफ भी आंदोलन होना चाहिए

नीट मामले की जांच कर रही सीबीआई ने अब तक 13 मुख्य मास्टरमाइंड और दलालों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कोचिंग संस्थानों के शिक्षक, प्रोफेसर और डॉक्टर शामिल हैं। नीट समेत देश की कई प्रतिष्ठित परीक्षाएं आयोजित कराने की जिम्मेदारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की है।

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी-2026 पेपर लीक इन दिनों मामला सुर्खियों में है। 3 मई को आयोजित हुई परीक्षा पेपर लीक के बाद रद्द कर दी गई थी जिसके बाद परीक्षा के लिए नई तारीखों की घोषणा की गयी थी। 21 जून को पुनर्परीक्षा संपन्न हो चुकी है। नयी नवेली कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रही है। आखिरकार ये परीक्षा की शुचिता के साथ ही साथ लाखों छात्रों के भविष्य का प्रश्न जो ठहरा।

इस घटना के दो पक्ष हैं। एक पेपर लीक करने वाले और दूसरे पेपर खरीदने वाले। पेपर लीक करने और बेचने वालों का तंत्र देश में मौजूद है। इस तंत्र या रैकेट का मकसद परीक्षा की शुचिता भंग कर, मोटी कमाई करना होता है। आजाद भारत का इतिहास देखें तो हजारों छोटी बड़ी परीक्षाओं के पेपर अब तक लीक हो चुके हैं। इस तंत्र की पहुंच इतनी ऊपर और इतने स्तर पर होती है कि असली गुनहगार कानून के शिकंजे से बच जाते हैं। वहीं, पेपर लीक करने और बेचने वालों के खिलाफ कभी ऐसे कड़ी कार्रवाई भी नहीं हुई, जो दूसरों के लिए नजीर बनती। दो चार दिन के हो हल्ले और बयानबाजी के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ने लगती है। नीट मामले की जांच कर रही सीबीआई ने अब तक 13 मुख्य मास्टरमाइंड और दलालों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कोचिंग संस्थानों के शिक्षक, प्रोफेसर और डॉक्टर शामिल हैं। नीट समेत देश की कई प्रतिष्ठित परीक्षाएं आयोजित कराने की जिम्मेदारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की है। पेपर लीक मामले में एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार को सरकार ने पद से हटा दिया है।

इस प्रकरण का दूसरा पक्ष पेपर खरीदने वालों का है। इस पक्ष की चर्चा न के बराबर है। पेपर खरीदने वालों की एक जमात हमारे समाज में सदा से विद्यमान है। जो येन केन प्रकारेण दाखिले से लेकर नौकरी के लिये पेपर खरीदने से लेकर तमाम गैर कानूनी काम से करने से बाज नहीं आती। चूंकि समाज में ऐसे लोग भी हैं जो परिश्रम के बजाय तिकड़म के सहारे सफल होना चाहते हैं। ऐसे में ये लोग लाखों रुपये में पेपर खरीदने का पा करते हैं। व्यवस्था में भ्रष्टाचार का पुराना घुन लगा ही हुआ है। ऐसे में मोटी कमाई के लालच में पेपर लीक करने वाले सजा या दंड की परवाह किये बिना परीक्षा की शुचिता को तार—तार करने का दुस्साहस करते हैं।

पेपर लीक होने पर अभ्यर्थी, अभिभावक, समाज सेवी, राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता सरकार, प्रशासन और परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी के खिलाफ धरना, प्रदर्शन और आंदोलन करते हैं। सोशल मीडिया पर लंबे चौड़े पोस्ट लिखे जाते हैं। ये गुस्सा और नाराजगी जायज भी है। वास्तव में, किसी परीक्षा की शुचिता कायम रखना संबंधित विभाग, एजेंसी या सरकार की जिम्मेदारी होता है। किसी भी स्तर पर चूक से लाखों अभ्यर्थी और उनके परिवार प्रभावित होते हैं। लेकिन सरकार और व्यवस्था के खिलाफ धरना, प्रदर्शन और गुस्सा प्रकट करने वाले कभी पेपर खरीदने वालों के खिलाफ कोई प्रदर्शन या आंदोलन नहीं करते। उसूलन,पेपर खरीदने वाले भी पेपर बेचने वालों जितने बराबर के दोषी हैं। गलत तरीके से परीक्षा पास करने की चाहत रखने वाले चंद भ्रष्ट अभ्यर्थियों और अभिभावकों के कारण परिश्रमी अभ्यर्थियों के सपने चकनाचूर होते हैं। ऐसे में आंदोलन, प्रदर्शन के साथ सख्त कानूनी कार्रवाई पेपर खरीदने वालों के खिलाफ भी होनी चाहिए।

जब समाज में नैतिकता का स्तर ऊंचा होगा तो गलत काम करने वाले निरूत्साहित होंगे। लेकिन जब समाज स्वयं अनैतिक कृत्यों में शामिल होगा या उसका भागीदार बनेगा तो सख्त से सख्त कानून और फूलप्रूफ व्यवस्था के भी नाकाम होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। नीट यूजी मामले में समाज के चंद भ्रष्ट लोगों ने लाखों में पेपर खरीदा। लेकिन पेपर लीक होने का असर 22 लाख अभ्यर्थियों पर पड़ा। मतलब, समाज की चंद गंदी मछलियों का भुगतान पूरे तालाब की मछलियों को उठाना पड़ा। ऐसे में चंद गंदी मछलियों की खिलाफत भी जरूरी है।

नीट पेपर लीक केस में लगातार अपडेट सामने आ रहे हैं। देश के सात राज्यों में लीक हुए इस पेपर को जयपुर के जमवारामगढ़ के मांगीलाल और दिनेश ने 26 अप्रैल को ही 30 लाख में खरीदा था। इन दोनों भाइयों ने सीकर में तैयारी कर रहे अपने बेटे को यह पेपर दिया। उसके बाद दोनों भाई सीकर पहुंचे और वहां 29 अप्रैल कई लोगों को सीकर में बेचा। इस परिवार से पिछले साल ही चार बच्चे नीट में चयनित हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, माफियाओं ने छात्रों को 5 से 50 लाख रुपये में पेपर बेचा था। सुरक्षा के नाम पर दलालों ने छात्रों के ब्लेंक चेक और ओरिजनल मार्कशीट गिरवी रख ली थी। भुगतान को लेकर दलालों और परिजनों में विवाद भी हुआ। अब समाज की इस मनोवृत्ति और कृत्य को क्या संज्ञा दी जाए?

## लापरवाही की लपटों में जलती जिंदगी- कब जागेगा तंत्र?

लखनऊ की जिस इमारत में आग लगी, वहां कोचिंग सेंटर और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही थीं। यह अत्यंत गंभीर प्रश्न है कि क्या उस भवन को अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त था? क्या भवन निर्माण मानकों का पालन किया गया था? क्या वहां आपातकालीन निकास मार्ग उपलब्ध थे?

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में एक व्यावसायिक भवन में लगी भीषण आग ने केवल एक इमारत को नहीं जलाया, बल्कि शासन-प्रशासन की संवेदनहीनता, नियामक संस्थाओं की निष्क्रियता और व्यवस्था की खोखली पड़ चुकी जवाबदेही को भी उजागर कर दिया है। इस दुर्घटना में कोचिंग सेंटर के अनेक विद्यार्थियों की असामयिक मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि उस सड़ी-गली व्यवस्था का परिणाम है, जो हर त्रासदी के बाद कुछ दिनों तक सक्रिय दिखती है और फिर गहरी नींद में सो जाती है। राजकोट के गेमिंग जोन में आग, दिल्ली के शिशु अस्पताल में नवजातों की मौत, दिल्ली के होटल अग्निकांड, मुजफ्फरपुर अस्पताल की दुर्घटना और अब लखनऊ का अग्निकांड-इन घटनाओं की श्रृंखला बताती है कि भारत में मानव जीवन का मूल्य लगातार घटता जा रहा है। हर बार वही बयान सुनाई देता है-'दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा', 'जांच के आदेश दे दिए गए हैं', 'कड़ी कार्रवाई होगी'। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जांच और मुआवजा ही शासन का अंतिम दायित्व है? क्या सरकारें केवल दुर्घटना के बाद शोक व्यक्त करने और मुआवजा बांटने के लिए हैं? इन जहरीली काली आग ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। कितनी ही आंखों की रोशनी छीन ली और एक कालिख पोत दी कानून और व्यवस्था के कर्णधारों के मुँह पर। लखनऊ की जिस इमारत में आग लगी, वहां कोचिंग सेंटर और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही थीं। यह अत्यंत गंभीर प्रश्न है कि क्या उस भवन को अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त था? क्या भवन निर्माण मानकों का पालन किया गया था? क्या वहां आपातकालीन निकास मार्ग उपलब्ध थे? यदि थे, तो वे उपयोग में क्यों नहीं आए?

## शोध आलेख: सशक्त युवा, सशक्त राष्ट्र: 2047 तक विकसित भारत के लिए भारत का दृष्टिकोण

2014 और 2026 के बीच, सरकार ने शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता, खेल, स्वास्थ्य और नागरिक भागीदारी जैसे क्षेत्रों में युवाओं पर केंद्रित कई पहल शुरू कीं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और युवाओं के नेतृत्व वाले विकास के विज़न के आधार पर, सरकार ने शिक्षा तक पहुँच बढ़ाई, उच्च शिक्षा को मजबूत किया और कौशल विकास व रोजगार के अवसर बढ़ाए। भारत के स्टार्टअप तंत्र में भी इजाफा हुआ, जिसमें 2.3 लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप शामिल हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म, समावेशी कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से, देश के युवा अमृत पीढ़ी के रूप में उभरे हैं और विकसित भारत ञ्च 2047 के विज़न में योगदान दे रहे हैं।

अमृत पीढ़ी का उदय

अपनी लगभग 65 प्रतिशत आबादी के 35 वर्ष से कम उम्र के होने के कारण, भारत अपने इतिहास के एक अहम मोड़ पर है। सरकार इस जनसांख्यिकीय लाभांश की अपार क्षमता को पहचानती है। पिछले 12 वर्षों में, देश ने युवाओं के साथ सरकार के जुड़ाव के तरीके में एक बुनियादी बदलाव देखा है। यह दौर भारत के युवाओं को राष्ट्रीय विकास की ताकत में बदलने के लिए किए गए व्यवस्थित और परिवर्तनकारी प्रयासों को दर्शाता है। यह बदलाव शिक्षा, कौशल विकास, खेल और उद्यमिता सहित हर क्षेत्र में दिखाई देता है। युवाओं को अब केवल निष्क्रिय लाभार्थी नहीं माना जाता, बल्कि उन्हें अमृत पीढ़ी के रूप में पहचाना जाता है। वे विकसित भारत ञ्च 2047 के मुख्य निर्माता और सह-रचनाकार के रूप में उभरे हैं।

युवाओं के नेतृत्व वाले विकास पर ध्यान

पिछले दशक में युवाओं के विकास के प्रति भारत के नज़रिए में काफ़ी बदलाव आया है, जो युवा और गतिशील आबादी की बदलती आकांक्षाओं और ज़रूरतों को दर्शाता है। राष्ट्रीय युवा नीति (एनवाईपी) 2014 ने देश में युवाओं के विकास के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया। इसमें 15-29 साल के लोगों को युवा माना गया और शिक्षा, रोज़गार, कौशल विकास, स्वास्थ्य, खेल, सामाजिक भागीदारी और सशक्तिकरण जैसे अहम क्षेत्रों की पहचान की गई। इसका मुख्य ज़ोर पहुँच, समावेश और संस्थागत मज़बूती पर था। इसी बुनियाद को आगे बढ़ाते हुए, सरकार ने हाल के वर्षों में युवाओं के नेतृत्व वाले विकास का विज़न पेश किया है। इसमें युवाओं को सिर्फ़ सरकारी कार्यक्रमों का लाभार्थी के तौर पर नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय साझेदार के तौर पर देखा गया है। हाल ही में प्रस्तावित राष्ट्रीय युवा नीति 2025 का ढांचा भविष्य के लिए ज़रूरी कौशल, उद्यमिता, नेतृत्व, नागरिक भागीदारी, डिजिटल भागीदारी और टिकाऊ विकास जैसी उभरती प्राथमिकताओं पर और ज़ोर देता है।

शिक्षा: हर युवा भारतीय के लिए गुणवत्ता, पहुँच और सशक्तिकरण

हाल के वर्षों में शिक्षा के प्रति भारत का नज़रिया काफ़ी बदला है। अब ध्यान सिर्फ़ पहुँच बढ़ाने से हटकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रित हो गया है। शिक्षा अब शहरों तक ही सीमित न रहकर दूर-दराज़ के इलाकों तक पहुँच रही है, ताकि सभी को समान अवसर मिल सकें। भारत के युवाओं के लिए सर्वांगीण और भविष्य के लिए तैयार करने वाली शिक्षा सुनिश्चित करने पर ज़ोर दिया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) इस बदलाव का मुख्य आधार है। यह देश भर के हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार की गई

## यह व्रत सबसे कठिन और फलदायी?

ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाई जाने वाली निर्जला एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित होती है। इस दिन श्रद्धालु पूरे दिन अन्न और जल का त्याग करके व्रत रखते हैं तथा भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करते हैं। मान्यता है कि इस व्रत को करने से वर्ष भर की सभी एकादशियों के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। निर्जला एकादशी को भीमसेनी एकादशी भी कहा जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार महाभारत के भीमसेन ने इस व्रत को रखा था। इस दिन दान-पुण्य का भी विशेष महत्व होता है। लोग गरीबों को जल, वस्त्र, फल और अन्न का दान करते हैं। इस साल निर्जला एकादशी 25 जून गुरुवार को पड़ रही है।

उल्लेखनीय है कि हिंदू धर्म में एकादशी का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रत्येक वर्ष में चौबीस एकादशियां होती हैं। अधिकमास या मलमास में इनकी संख्या बढ़कर 26 हो जाती है। इन्हीं में से एक ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी कहा जाता है। सभी एकादशियों में से यह एकादशी सर्वोत्तम मानी गई है। यह व्रत स्त्री और पुरुष दोनों को ही करना चाहिए। यह व्रत मन को संयम सिखाता है और शरीर को नई ऊर्जा देता है। कुछ व्रती इस दिन एक भुक्त व्रत भी रखते हैं यानि सायं को दान-दर्शन के बाद फलाहार और दूध का सेवन करते हैं।

## वेतन से आगे: विकसित भारत के लिए कुशल कार्यबल की तैयारी

डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम

कोयंबटूर में काम करने वाले युवा रवि को, जो एक छोटी विनिर्माण इकाई में अपनी पहली औपचारिक नौकरी के छह महीने पूरे कर चुके हैं और हाल ही में अपनी मासिक तनख्वाह के अलावा उन्हें बैंक खाते में 7,500 रुपये मिले। लगातार छह महीने की नौकरी पूरी होने के बाद यह रकम अपने आप जारी कर दी गई। इससे पहले उनका परिवार सिर्फ़ अनौपचारिक काम करता था, जिसमें कोई अनुबंध, भविष्य निधि में योगदान या नौकरी का कोई लिखित रिकॉर्ड नहीं होता था। यह पहला मौका था, जब उनकी नौकरी को आधिकारिक तौर पर दर्ज किया गया और उन्हें इस तरह का लाभ मिला।

रवि को मिली यह धनराशि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) के भाग ए के तहत मिली पहली किस्त है। इस योजना को केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रधानमंत्री के रोज़गार और कौशल पैकेज के हिस्से के तौर पर शुरू किया गया था। इस प्रावधान के तहत, ईपीएफओ में पंजीकृत कंपनियों में पहली बार नौकरी पाने वाले ऐसे कर्मचारी, जिनकी मासिक कमाई 1 लाख रुपये से कम है, उन्हें 15,000 रुपये तक का नकद प्रोत्साहन मिलता है। यह रकम दो किस्तों में दी जाती है: पहली किस्त लगातार छह महीने की नौकरी के बाद और दूसरी किस्त बारह महीने के बाद। इसके लिए शर्त यह है कि कर्मचारी को ईपीएफओ पोर्टल के ज़रिए वित्तीय साक्षरता का कोर्स पूरा करना होगा और यह राशि बचत के एक साधन में जमा की जाएगी, ताकि कर्मचारी को एक आर्थिक सुरक्षा मिल सके। रवि के लिए, ये छह महीने सिर्फ़ योग्यता हासिल करने का समय नहीं थे। ये वो वक्त था, जिसमें उन्होंने अपने काम की जगह को समझा, अपने काम से जुड़ी बुनियादी कौशल और योग्यता सीखी और अपने लिए रोज़गार का एक रिकॉर्ड बनाना शुरू किया, जो पहले कभी नहीं था।

यह समय उनके नियोक्ता के लिए भी अहम था, जो एक छोटी विनिर्माण इकाई थी और उसने अपने विस्तार के तहत रवि को काम पर रखा था। पीएम-वीबीआरवाई के भाग क्रमें प्रावधान है कि जो नियोक्ता अपनी मौजूदा बेसलाइन से ज़्यादा रोज़गार पैदा करते हैं, उन्हें हर अतिरिक्त कर्मचारी के लिए हर महीने 3,000 रुपये तक का सरकारी योगदान मिलता है। यह योगदान अलग-अलग क्षेत्रों में दो साल तक और विनिर्माण क्षेत्र में चार साल तक मिलता है। यह योगदान उस शुरुआती लागत का कुछ हिस्सा कवर करता है, जो किसी कंपनी को नए कर्मचारी को रखने पर उठानी पड़ती है, खासकर तब जब ऑनबोर्डिंग और प्रशिक्षण चल रहा होता है और बिना किसी पिछले औपचारिक अनुभव वाला कर्मचारी, धीरे-धीरे कंपनी के लिए लाभप्रद हो रहा होता है। इस शुरुआती लागत को कम करके यह प्रावधान, योजना का दायरा रवि जैसे लोगों को काम पर रखने वाले छोटे व्यवसायों तक बढ़ाता है।

## निर्जला एकादशी व्रत से होते हैं सभी संकट दूर

25 मई को निर्जला एकादशी व्रत है, सनातन धर्म में ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर आने वाली निर्जला एकादशी अत्यंत पुण्यदायी और मंगलकारी मानी जाती है। निर्जला एकादशी आत्मशुद्धि, संयम, भक्ति और दान का दिव्य पर्व है, इस व्रत से साधक को भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है तो आइए हम आपको निर्जला एकादशी व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, निर्जला एकादशी व्रत को रखने से व्यक्ति के जीवन के बड़े से बड़े संकट दूर होते हैं और भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। साल 2026 में निर्जला एकादशी का व्रत 25 जून को रखा जाएगी। इस साल निर्जला एकादशी व्रत की खास बात यह है कि इस दिन शुभ रवि योग का संयोग भी बन रहा है। पंडितों के अनुसार यह योग बेहद प्रभावशाली होता है, इसमें पूजा-पाठ करने से साधक को मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती हैं और सभी प्रकार के दोषों से राहत मिलती हैं। हालांकि, संपूर्ण सामग्रियों के साथ पूजा करना शुभ माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार निर्जला एकादशी के अवसर पर दान करने का अधिक महत्व है। दान करने से भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी अधिक प्रसन्न होते हैं, जिससे दरिद्रता का नाश होता है और घर में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

## रेत के बढ़ते दोहन से नदियों और सागरों के अस्तित्व पर गहराता संकट

आधुनिक विकास के युग में सड़कों, पुलों और तनती हुई ऊँची-ऊँची इमारतों के निर्माण में रेत के रूप में आधुनिक मानव एक ऐसे प्राकृतिक संसाधन को बड़ी तेजी से खत्म कर रहा है, जिसका खामियाजा आने वाले समय में सम्पूर्ण मानव जाति को बहुत बड़ी जन और धन की हानि देकर चुकाना पड़ेगा। विश्व में पानी के बाद सबसे ज्यादा उपयोग किया जाने वाला कोई प्राकृतिक संसाधन है तो वह रेत ही है, जिसका न केवल भारत में बल्कि समूचे विश्व में अंधाधुंध दोहन आधुनिक विकास के नाम पर किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की रिपोर्ट के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष 5000 करोड़ टन से अधिक रेत पहाड़ों, नदियों और समुद्रों से निकाली जाती है और 500 अरब डॉलर से अधिक अर्थात भारतीय मुद्रा में 42 लाख करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार किया जाता है। चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रेत उपभोक्ता वाला देश है, जहाँ प्रतिवर्ष 100 करोड़ टन से ज्यादा रेत का वैध अवैध रूप से खनन, निर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास के नाम पर किया जाता है। आर्थिक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष रेत का बाजार 5000 करोड़ रुपये का होता है। रेत के व्यापार के माध्यम से राज्य सरकारों और जिला प्रशासन को लाखों-करोड़ों रुपये का राजस्व भी प्राप्त होता है। भारत में वैध और अवैध खनन माफिया को जोड़ दिया जाए तो रेत के वास्तविक कारोबार का आंकड़ा और भी बड़ा हो सकता है।

भारत सहित दुनिया भर में तेजी से बढ़ते शहरीकरण और सरकारों के विकास कार्यों के निर्माण के कारण दुनिया में रेत की मांग सर्वाधिक होने लगी है, जिससे न केवल प्राचीन काल से सुरक्षा की अभेद ढाल बने हुए पहाड़, सालभर बहने वाली विश्व की बड़ी-बड़ी नदियाँ और विश्व भर में फैले समुद्री तटों के सीने को छलनी कर लाखों-करोड़ों टन रेत वैध-अवैध रूप से प्रतिदिन निकालकर प्रकृति के इस पारिस्थितिक तंत्र का विनाश मानव द्वारा आधुनिकीकरण के नाम पर किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की ताज़ा रिपोर्ट में यह चिंता व्यक्त की गई है कि आधुनिकीकरण के नाम पर पहाड़ों, नदियों और समुद्रों से उनकी क्षमता से कहीं अधिक रेत का खनन किया जा चुका है और यदि दुनियाभर में अंधाधुंध वैध-अवैध खनन अब भी जारी रहा तो इन पर निर्भर रहने वाले जीव-जंतुओं के साथ-साथ मानव जाति को भी बचाने के सारे प्रयास भविष्य में विफल हो जाएंगे। प्राकृतिक रूप से पहाड़ों, नदियों और समुद्रों में पाई जाने वाली रेत हजारों-लाखों वर्षों में बनती है। रेत को प्रकृति का फिल्टर कहा जाता है, जो पानी को साफ रखने का काम करती है। साथ ही नदियों और समुद्र तटों पर पाए जाने वाले जीव-जंतुओं के जीवन का मुख्य आधार भी रेत ही होती है। मानव ने आधुनिक विकास के नाम पर न केवल वनों का विनाश किया, बल्कि उसने अवैध खनन से हजारों जीव-जंतुओं की न केवल प्रजातियाँ नष्ट की हैं, बल्कि उनके आवास के सारे ठिकानों को भी नष्ट कर दिया है। भारत सहित दुनियाभर में हो रहे अंधाधुंध रेत के वैध और अवैध खनन से नदियाँ संकरी और गहरी होकर अपना मार्ग बदल रही हैं, जिससे कहीं सूखा तो कहीं अत्यधिक बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है। इससे प्राकृतिक आपदाएं आती हैं और मानव जीवन को लीलती जाती हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया में जितनी तेजी से रेत निकाली जा रही है, उतनी तेजी से उसकी भरपाई नहीं होने पर चिंता जाहिर करते हुए सम्पूर्ण मानव जाति को आगाह किया है कि ज्यादा रेत के लालच में प्रकृति के रेत निर्माण तंत्र से छेड़छाड़ करना अवैध खनन माफियाओं द्वारा बंद नहीं किया गया तो इसके भयावह परिणाम समस्त मानव जाति के अस्तित्व पर गंभीर संकट खड़ा कर देंगे। दुनिया के किसी भी देश का अस्तित्व उसके वन, पर्वत और नदियों पर निर्भर करता है। मानव सभ्यता के विकास में इन तीनों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रकृति में वन, पर्वत और नदियाँ मानव सभ्यता के हजारों वर्ष पहले से विद्यमान हैं, जिनका उल्लेख अनेक प्राचीन ग्रंथों में मिलता है।



भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के जीवन से भी बहुत पहले से वनों, पर्वतों और नदियों का इतिहास रहा है। प्रकृति के आरंभ से लेकर आज के डिजिटल और आधुनिक युग तक समस्त जीवों का जीवन इन्हीं पर निर्भर रहा है। यही कारण है कि भारतीय धर्मग्रंथों और परंपराओं में वन, पर्वत और नदियों की पूजा की जाती है तथा उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया जाता है। परंतु विडंबना यह है कि जैसे-जैसे मानव शिक्षित और आधुनिक होता गया, उसने तथाकथित विकास के नाम पर इन्हीं जीवनदायिनी प्राकृतिक संसाधनों को सबसे अधिक नुकसान पहुँचाया है और यह विनाशकारी सिलसिला आज भी जारी है। विश्व में यदि कहीं वन, पर्वत और नदियों का सर्वाधिक विनाश हो रहा है तो वह चीन के बाद भारत ही है। इसका प्रमुख कारण खनन और भू-माफियाओं को प्राप्त राजनीतिक संरक्षण है। आदिदेव भगवान शंकर के श्रमशिखर से निकली पुण्य सलिला माँ नर्मदा तथा भगवान शंकर की जटाओं से पृथ्वी पर अवतरित माँ गंगा की वर्तमान स्थिति किसी से छिपी नहीं है। करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ी इन नदियों में खनन माफियाओं द्वारा जिस बेरहमी से अवैध रेत खनन किया जा रहा है, उससे न केवल नदियों का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है, बल्कि पर्यावरण को भी भारी क्षति पहुँच रही है। भारत के लगभग हर राज्य में बड़ी नदियों पर चौबीसों घंटे, सातों दिन अवैध रेत उत्खनन जारी है, जो राज्य सरकारों की ऽनदी बचाओऽ जैसी मुहिमों को खुली चुनौती देता है। सरकार और सशक्त कानूनों की मौजूदगी के बावजूद खनन माफियाओं का बेखौफ खेल देशभर में जारी है तो यह राज्य सरकारों की मौन स्वीकृति की ओर भी संकेत करता है। आज समूचे विश्व में आवश्यकता इस बात की है कि दुनियाभर के देशों की सरकारें अपने वन, पर्वत, नदी और समुद्री सीमाओं को बचाने और सुरक्षित रखने की योजनाओं पर पुन: गंभीर मंथन करें और एक ठोस, प्रभावी तथा कठोर रणनीति बनाएं। साथ ही दुनियाभर के सामाजिक संगठनों को भी अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा की जिम्मेदारी लेनी होगी। तभी हम खनन माफियाओं के जाल से वन, पर्वत, नदियों और समुद्रों के अस्तित्व को बचा पाएँगे। अन्यथा सरकारी उदासीनता और सामाजिक चुप्पी की आड़ में रेत माफिया भारत की इस अमूल्य प्राकृतिक धरोहर को निगल कर आने वाली पीढ़ियों के लिए विनाश का मार्ग प्रशस्त कर देंगे। अत: दुनियाभर में सभी लोगों को जागरूक होकर आधुनिकता के नाम पर रेत के अवैध दोहन से प्रकृति को खोखली होने से बचाना है।

प्रकृति की अमूल्य धरोहर को नष्ट होने से बचाना है तो सभी देशों की सरकारों और उनके राजनेताओं को भी प्रकृति में हो रहे अवैध खनन पर आगे बढ़कर रोक लगाने की कार्रवाई करनी होगी। अन्यथा चोरी से प्रकृति का सीना चीरकर किए गए अवैध खनन और उसकी काली कमाई से मानव द्वारा खड़ी की गई ऊँची-ऊँची इमारतों तथा विलासिता भरी जिंदगी में प्रकृति का एक थपेड़ा कभी भी मौत का मातम जिंदगी भर के लिए फैला सकता है। प्रकृति के बारे में कहा भी गया है कि वह मानव के हर अपराध को सहन करती है, रूठती नहीं है, लेकिन जब मानव के अपराध उसकी सहनशीलता की सीमा को पार कर जाते हैं तब प्रकृति ऐसे रूठती है कि मानव क्या, उसकी दुनिया क्या, समूची प्रकृति का ही महाविनाश कर जीवों का अस्तित्व समाप्त कर देती है।


अरविंद रावल

गोपाल कॉलोनी, झाबुआ (म.प्र.)


## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन से रिश्ते में चल रही गलतफहमियां दूर होंगी। यह समय अपने व्यवहार और पिछले समय में की गई गलतियों में सुधार लाने का है।

वृष राशि: आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। आज आपके ऊपर कुछ पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। आज आप किसी धार्मिक कार्य संबंधी योजना बनायेंगे। कही रुक हुआ वापस आज वापस मिल सकता है।

मिथुन राशि :आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज कारोबार में छोटी-छोटी बारीकियां समझना जरूरी है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना उचित रहेगा। आज आपकी खास इच्छा पूरी होने की उम्मीद है।

कर्क राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर के रखरखाव अथवा नवीनीकरण संबंधी योजना बना सकते है। आज आपकी संतान को सफलता मिलने से घर में खुशियां बढ़ेंगी, बच्चों के बेहतर करियर के लिए आज आप किसी अच्छे एक्सपर्ट से सलाह ले सकते है।

सिंह राशि : आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज ऑफिशियल काम से कहीं बाहर यात्रा करनी पड़ेगी और बॉस आपके जिम्मेदाराना स्वभाव से बहुत प्रभावित होंगे। भविष्य को लेकर बनाई योजनाएं आज कारगर साबित होंगी।

कन्या राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज बाहरी लोगों का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत तथा पारिवारिक जीवन में न होने दे। आज घर पर मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिससे लोगों का आना जाना लगा रहेगा।

तुला राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा की गतिविधियों से राहत पाने के लिए कुछ समय अपने लिए भी जरूर निकालें। आज आप अपनी पारिवारिक व व्यावसायिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज पारिवारिक जीवन में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आर्थिक स्थिति को बेहतर करने का प्रयास सफल रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से आपका प्रशासनिक कार्य पूरा हो जायेगा।

धनु राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज व्यवस्थित दिनचर्या बनी रहेगी। प्रॉपर्टी संबंधी मामला रुका हुआ है तो उसको हल करने का उचित दिन है, साथ ही आज किसी खास व्यक्ति द्वारा आपको उचित सलाह भी मिलेगी।

मकर राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पिछले कुछ समय से आपके जीवन में चल रही समस्याओं से आज राहत मिलेगी। व्यक्तित्व को निखारने के लिए किये गये प्रयास का आज अच्छा परिणाम सामने आएगा।

कुंभ राशि : आज आप अपने कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। आज आपको किसी समारोह अथवा सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा। इस समय कई खर्चे सामने आएंगे साथ ही आय के स्त्रोत भी बढ़ने से आर्थिक समस्या नहीं होगी।

मीन राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आप एक नया टेक्निकल वर्क सीख सकते है, जिसका आपको भविष्य में बेहतर लाभ होगा।



पार्टी और सरकार की किरकिरी से बचने के लिए, कांग्रेस हाईकमान ने मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को बुलाया और उन्हें निर्देश दिया कि वे मंत्री पद के लिए किसी भी तरह की लॉबिंग पर ध्यान न दें। ये निर्देश राज्य कैबिनेट में जगह पाने के लिए दावेदारों और उनके समर्थकों की बढ़ती कोशिशों की खबरों के बीच आए हैं। हाल के हफ्तों में, अपने नेताओं के लिए मंत्री पद की मांग करने वाले समर्थकों के विरोध-प्रदर्शन, धार्मिक गुरुओं और स्वामीजी की लॉबिंग, और अलग-अलग गुटों की बैठकों जैसी कई घटनाओं ने मीडिया का काफी ध्यान खींचा है, जिससे पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है।

# जहां कभी आतंक और भय का माहौल था, वहां आज विकास, विश्वास और अवसरों का नया दौर : पीएम मोदी

रायपुर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नक्सलवाद के खिलाफ देश की लड़ाई को विकास और जनविश्वास की विजय बताते हुए कहा है कि सरकार ने नक्सलवाद और माओवाद को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया था और आज उसके सकारात्मक परिणाम पूरे देश के सामने हैं। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कभी भय, हिंसा और अविश्वास का वातावरण था, वहां आज विकास, सुशासन और नई संभावनाओं का युग प्रारंभ हो चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक समय नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य नागरिक निरंतर भय के साये में जीवन जीने को मजबूर थे। लोगों को अपनी सुरक्षा, आजीविका और सम्मान की चिंता रहती थी। विकास कार्यों को आगे बढ़ाना अत्यंत कठिन था। सड़क निर्माण से लेकर संचार सुविधाओं के विस्तार तक हर प्रयास का हिंसक विरोध किया जाता था। कई बार निर्माण सामग्री को जला दिया जाता था, ठेकेदारों को धमकाकर भगा दिया जाता था और विकास कार्यों को रोकने की कोशिश की जाती थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। बीते वर्षों में हजारों किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया, हजारों मोबाइल टावर स्थापित किए गए और दूरस्थ गांवों तक संचार सुविधाएं पहुंचाई गईं। बैंकिंग सेवाओं, डाक सेवाओं और वित्तीय समावेशन के माध्यम से लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन केवल आधारभूत संरचनाओं का विस्तार नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में विश्वास और अवसरों का विस्तार है।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल बम, बंदूक और गोली के सहारे नहीं लड़ी गई। सरकार ने सुरक्षा के साथ-साथ जनसामान्य की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने पर भी समान रूप से ध्यान दिया। शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, गरीबों को अधिकार दिलाने और लोकतंत्र के प्रति विश्वास मजबूत करने के निरंतर प्रयास किए गए। इसी का परिणाम है कि आज नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आमजन का भरोसा लोकतांत्रिक व्यवस्था और विकास की प्रक्रिया में बढ़ा है।

प्रधानमंत्री ने बस्तर का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां कभी आतंक और हिंसा का माहौल था, वहां आज युवाओं की ऊर्जा खेल और प्रतिभा के माध्यम से सामने आ रही है। बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजनों में लाखों युवाओं की भागीदारी इस परिवर्तन का सशक्त उदाहरण है। यह दर्शाता है कि अब वहां के युवा हिंसा के रास्ते को नहीं, बल्कि अवसर, शिक्षा, खेल और विकास के मार्ग को अपना रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'नेशन फर्स्ट' संकल्प, दूरदर्शी नेतृत्व और सुरक्षा बलों के अदम्य साहस ने बस्तर सहित पूरे नक्सल प्रभावित क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां कभी नक्सलवाद का आतंक था, वहां आज विकास का आत्मविश्वास दिखाई देता है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, बैंकिंग और जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच ने लोगों के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन लाया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की समन्वित रणनीति, सुरक्षा बलों की वीरता तथा स्थानीय जनता के सहयोग से नक्सलवाद का अध्याय अब समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि आज बस्तर की पहचान हिंसा नहीं, बल्कि विकास, जनभागीदारी, खेल, पर्यटन और नई संभावनाओं से बन रही है। यह परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन और अंत्योदय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ विकास और सुशासन का राष्ट्रीय मॉडल बनेगा तथा बस्तर देश के सबसे तेजी से विकसित होने वाले क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित करेगा।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित सिविल इन्वेस्टिचर सेरेमनी के दूसरे चरण के दौरान क्रिकेटर रोहित शर्मा को पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया।



रा%यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की.

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में जंतर-मंतर पर सांकेतिक धरना, किसानों ने सरकार को दी चेतावनी

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में मंगलवार को जंतर-मंतर पर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने सांकेतिक धरना दिया. धरने में शामिल किसान नेताओं ने कहा कि यदि सरकार इस समझौते को आगे बढ़ाती है तो इसका सबसे ज्यादा नुकसान देश के किसानों, डेयरी क्षेत्र और पोल्ट्री उद्योग को होगा. किसानों ने सरकार से इस प्रस्तावित समझौते पर पुनर्विचार करने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि उनकी बात नहीं सुनी गई तो आने वाले दिनों में बड़ा किसान आंदोलन शुरू किया जाएगा.

धरने के दौरान किसान नेता जगदीश सिंह डल्लेवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच जिस ट्रेड डील पर बातचीत चल रही है, उसे लेकर किसानों में गंभीर चिंता है. उन्होंने कहा कि किसान संगठन इस समझौते का विरोध कर रहे हैं और सरकार को चेतावनी देने के लिए ही जंतर-मंतर पर यह सांकेतिक धरना दिया गया है. डल्लेवाल ने कहा कि यदि सरकार इस समझौते से पीछे नहीं हटती और इसे लागू करने की दिशा में आगे बढ़ती है, तो आने वाले समय में देशभर के किसान बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे. उन्होंने कहा कि किसान अपने अधिकारों और खेती-किसानी को बचाने के लिए संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेंगे.

किसान नेताओं का कहना है कि यदि अमेरिका से कृषि उत्पाद, डेयरी उत्पाद और पोल्ट्री से जुड़ी वस्तुएं भारत में बड़े पैमाने पर आयात होने लगीं, तो इसका सीधा असर भारतीय किसानों की आय पर पड़ेगा. उनका आरोप है कि विदेशी उत्पादों के आने से घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा.धरने में लगाए गए बैनरों पर भी कृषि, डेयरी और पोल्ट्री क्षेत्रों को बचाने की मांग प्रमुखता से दिखाई दी. किसानों ने नारे लगाकर कहा कि देश की खेती और किसानों के हितों से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा.

धरने के दौरान जब यह सवाल उठाया गया कि सरकार का कहना है कि यह समझौता किसानों के हित में है, तो डल्लेवाल ने कहा कि सरकार किसानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकर इस बात को स्पष्ट करे. उन्होंने कहा, अगर बाहर से कृषि उत्पाद भारत में आएंगे तो यह किसानों के पक्ष में कैसे होगा, सरकार हमें बैठकर समझाए. किसान जानना चाहते हैं कि इस समझौते से उन्हें क्या लाभ मिलने वाला है.किसान नेताओं का कहना है कि सरकार को किसी भी बड़े व्यापारिक समझौते से पहले किसानों और कृषि संगठनों से चर्चा करनी चाहिए जिससे उनकी चिंताओं का समाधान हो सके.

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) के पेपर लीक के खिलाफ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रहे कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का प्रदर्शन जंतर-मंतर पर जारी है। पार्टी ने मंगलवार को विरोध को धार देने के लिए डायपर दान अभियान शुरू किया है। उसने सभी समर्थकों से डायपर लेकर आने को कहा है,

## लखनऊ अग्निकांडः व्यावसायिक इमारत के मालिक का आपराधिक इतिहास, पेपर लीक से जुड़ा है नाम

लखनऊ (आरएनएस)। लखनऊ के अलीगंज में जिस 3 मंजिला व्यावसायिक इमारत में आग लगने से 15 लोगों की मौत हुई है, उसके मालिक का आपराधिक इतिहास बताया जा रहा है। इमारत के मालिक वीरेंद्र प्रसाद शुक्ला हैं और सह-मालिक सुरेंद्र शुक्ला हैं। सुरेंद्र का नाम 2015 में संयुक्त प्री-मेडिकल टेस्ट (सीपीएमटी) पेपर लीक से जुड़ा हुआ है। उनके खिलाफ एफआईआर तक दर्ज है। वह पुलिस की हिरासत में हैं, जबकि वीरेंद्र प्रसाद अभी फरार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सुरेंद्र रामेश्वरम इंस्टीट्यूट के संचालक भी हैं। उन्होंने वर्ष 2015 में अपनी बेटी के लिए सीपीएमटी पेपर लीक की साजिश रची थी और परीक्षा केंद्र में सुविधा उपलब्ध कराई थी। तब परीक्षा में सी सिरीज का पेपर लीक हुआ था, जिसमें रामेश्वरम इंस्टीट्यूट का नाम आया था। सुरेंद्र का नाम प्रारंभिक आरोपपत्र में था। हालांकि, विशेष जांच दल ने सबूत के अभाव में उन्हें बरी कर दिया था। सुरेंद्र का नाम जहां पेपर लीक में जुड़ा है, वहीं उनके भाई वीरेंद्र शुक्ला का नाम जमीन सौदे से जुड़े मामलों में पाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वीरेंद्र सुरेंद्र के बड़े भाई हैं और खाक हुई इमारत के दूसरे मालिक हैं। दोनों भाईयों ने मिलकर प्रॉपर्टी के कारोबार में करोड़ों रुपये कमाए हैं।



रातष्ट्रपर्ति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह के दूसरे चरण के दौरान झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को (मरणोपरांत) पद्म भूषण से सम्मानित किया। रूपी सोरेन ने राष्ट्रपति से अपने पति शिबू सोरेन की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

## अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने इस्तीफा दिया, राष्ट्रपति ने स्वीकारा

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार से अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मंगलवार को पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकार कर लिया। कुरियन केरलम में भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। उनको 6 साल पहले राज्यसभा लाया गया था और 2024 में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया। उनका राज्यसभा का कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो गया था, जिसके बाद उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दिया है। कुरियन मोदी सरकार में इकलौते ईसाई मंत्री थे। वे अल्पसंख्यक मामलों के साथ ही मत्स्य पालन राज्य मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे थे। भाजपा ने पहले ही संकेत दिया था कि वह कुरियन को राज्यसभा में दूसरी बार नहीं भेज रही है। उनकी जगह मध्य प्रदेश से भाजपा के महासचिव तरुण चुग को राज्यसभा भेजा गया है। चर्चा है कि केरल में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा के खराब प्रदर्शन के कारण उनको दोबारा मनोनित नहीं किया गया। कुरियन (65) अगस्त 2024 से मोदी की तीसरी कैबिनेट में राज्य मंत्री थे। वे केरल में भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और सुप्रीम कोर्ट में वकील रह चुके हैं। उनको जून, 2024 में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय और मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन मंत्रालय का जिम्मा दिया गया था।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना हुआ साकार, बंगाल में बनी हमारी सरकारः रेखा गुप्ता

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. दिल्ली गेट स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी, योगेंद्र चंदोलिया, बांसुरी स्वराज, स्वाति मालीवाल, दिल्ली सरकार में मंत्री पंकज सिंह और रविंद्र इंद्राज समेत अनेक विधायक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे. इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हर्ष मल्होत्रा ने पौधारोपण भी किया.

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस मौके पर सभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का प्रतीक है. मुख्यमंत्री ने कहा, आज का दिन उस महान व्यक्तित्व को याद करने का अवसर है, जिसने भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक नींव रखी. भाजपा आज जिस विशाल वटवृक्ष के रूप में देशभर में खड़ी है, उसके बीज डॉ. मुखर्जी ने ही बोए थे. रेखा गुप्ता ने आगे कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना, जिसके साथ आज भाजपा कार्य कर रही है,

## तेलंगाना के नालगोंडा में घर में कई दिन से बंद पति-पत्नी और 2 बच्चों का शव मिला

नालगोण्डा (आरएनएस)। तेलंगाना के नालगोंडा जिले में एक घर के अंदर परिवार के 4 लोगों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। इनमें पति-पत्नी और उनके 2 बच्चे शामिल हैं। घटना की जानकारी लोगों को तब हुई, जब सोमवार को आसपास के लोगों को घर से भीषण दुर्गंध आने लगी। पड़ोसियों ने नालगोंडा वन टाउन पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़ा तो अंदर 4 लोगों के शव बुरी अवस्था में पड़े थे। शव में कीड़े लग चुके थे।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मोहम्मद सुल्तान (45), उनकी पत्नी हसीना (41), बेटे मुजम्मिल (20) और बेटी अभकारहा (14) के रूप में हुई है। चारों सागर रोड स्थित तेलंगाना कॉलोनी में रहते थे। पुलिस ने बताया कि शवों को देखकर लग रहा है कि इनकी मौत 4 से 5 दिन पहले हुई होगी। अभी तक हत्या और आत्महत्या को लेकर कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।




केरल के को%च ज़िले के वाइपिन में एक प्राइवेट शिपयार्ड में मरम्मत के लिए लाई गई एक बजरी (बड़ी नाव) में लगी आग को बुझाने की कोशिश करते हुए फायर एंड रेस्क्यू सर्विस के कर्मचारी।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह के दौरान।

# दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के जोर पकड़ने के साथ ही महाराष्ट्र में हुई झमाझम बारिश

नई दिल्ली (आरएनएस)। भले ही मॉनसून की बारिश अभी तक दिल्ली और उत्तर भारत के कई हिस्सों में नहीं पहुंची है, लेकिन बेमौसम बारिश ने कुछ इलाकों में भीषण गर्मी से राहत दी है. राष्ट्रीय राजधानी में मौसम के बदलते मिजाज कभी धूप तो कभी घने बादल की वजह से तापमान कम बना हुआ है. मौसम विभाग ने यह अनुमान लगाया है कि 23 जून से 26 जून के बीच मध्यम से भारी बारिश हो सकती है. इस दौरान 60-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है. आईएमडी के अनुसार सोमवार को सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 27.3 डिग्री सेल्सियस था, जो सामान्य से 0.7 डिग्री कम रहा. पालम में तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रिज और आया नगर में तापमान क्रमश: 24.6 डिग्री सेल्सियस और 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. लोधी रोड पर न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस रहा. मौसम विभाग ने 23 जून को तापमान में थोड़ी गिरावट का अनुमान लगाया है. आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की उम्मीद है. अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है. मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ की कुछ जगहों पर अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस के बीच है. तेलंगाना, बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, ओडिशा, पश्चिमी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर भी तापमान इसी बीच में है, जबकि देश के बाकी हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से कम है. लंबे समय तक सूखे के बाद महाराष्ट्र में आखिरकार बारिश हुई क्योंकि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून राज्य के कई हिस्सों में आगे बढ़ गया. उम्मीद है कि अगले 48 घंटों में मॉनसून मुंबई समेत और इलाकों में भी आगे बढ़ेगा. महाराष्ट्र में इसी दौरान सामान्य 133.9 एमएम बारिश के मुकाबले सिर्फ 24.6 एमएम बारिश हुई, जिससे 82 फीसदी की कमी रही और राज्य भारी कमी वाली श्रेणी में आ गया. पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश की यह कमी कमजोर मॉनसून हवा, बंगाल की खाड़ी के ऊपर मजबूत कम दबाव वाले सिस्टम के न होने और मॉनसून की अस्थिर स्थितियों के कारण हो रही



सुरवीन चावला आज बॉलीवुड और ओटीटी की दुनिया का एक जाना-माना और बेहद सक्सेसफुल चेहरा हैं। उन्होंने क्रिमिनल जस्टिस, सेक्रेड गेम्स और राणा नायडू जैसी सुपरहिट वेब सीरीज में अपनी दमदार एक्टिंग से हर किसी को इंप्रेस किया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सुरवीन ने अपने करियर की शुरुआत ओटीटी से नहीं, बल्कि टीवी इंडस्ट्री से की थी?

## निकिता दत्ता ने 'कबीर सिंह' को बताया करियर का टर्निंग प्वाइंट, कहा- इस फिल्म ने मुझे जरूरी बदलाव दिया



शाहिद कपूर की कबीर सिंह को रिलीज हुए सात साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्म का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने करियर पर इस फिल्म के लंबे समय तक रहने वाले असर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने इंडस्ट्री में उनके बारे में लोगों की सोच बदल दी और बॉलीवुड में लीड रोल पाने का रास्ता बनाया।

निकिता ने 'कबीर सिंह' को अपने करियर का बड़ा टर्निंग पॉइंट बताया। फिल्म ने उनके करियर पर कैसे असर डाला इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि कबीर सिंह मुझे तब मिली जब मैं फिल्मों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही थी।

कबीर सिंह के बाद कास्टिंग के मामले में मुझे अलग नजरिए से देखा जाने लगा। मैंने लीड रोल वाली अपनी पहली दो फिल्में साइन कीं। इस फिल्म ने मुझे वह बदलाव दिया जिसकी मुझे जरूरत थी।

फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करने के अपने अनुभव को निकिता ने साझा किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म ऐसी थी, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया और जिस पर काफी चर्चा हुई। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कभी भी फाइनल रिजल्ट के बारे में नहीं सोचा। मैंने फिल्म को दिन-दर-दिन के हिसाब से किया। बस हर सीन में जो कर सकती थी, वह करने की कोशिश की। यह वांगा सर का विजन था जिसकी वजह से ऐसा रिजल्ट मिला। शूटिंग के दौरान शाहिद का फोकस तारीफ के काबिल था।

निकिता जल्द ही नजदीकियां में मुख्य भूमिका निभाती नजंर आएंगी। यह प्राइम वीडियो इंडिया की आने वाली सीरीज है, जिसे धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। यह प्रोजेक्ट धर्माटिक के साथ उनका पहला कोलेबोरेशन है।

धर्माटिक करण जौहर का डिजिटल कंटेंट डिवीजन है। सीरीज से जुड़ने के बारे में बात करते हुए दत्ता ने कहा कि मुझे लगता है कि करण जौहर आज के समय में फैमिली-रोमकॉम के जीनियस हैं। जब से मैंने एक्टिंग शुरू की है, उनकी ड्रामेडी का हिस्सा बनना मेरे लिए एक सपना सच होने जैसा है। जब मुझे यह ऑफर मिला, तो इसे ठुकराने का कोई सवाल ही नहीं था।

आज के दौर के रिश्तों पर आधारित ड्रामा नजदीकियां में निकिता मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ परेश पाहुजा, आकांक्षा सिंह और ताहा शाह भी हैं। यह सीरीज प्राइम वीडियो इंडिया पर स्ट्रीम होगी। निकिता दत्ता को आखिरी बार ज्वेल थीफ - द हीस्ट बिगिन्स में देखा गया था, जिसमें उन्होंने सैफ अली खान और जयदीप अहलावत के साथ काम किया था।

**अल्लू अर्जुन की राका कब देगी सिनेमाघरों में दस्तक? रिलीज पर बन रही ये योजना**

अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म राका को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। फिल्म के निर्देशन की कमान एटली ने संभाली है, जो जवान, थेरी और बेबी जॉन जैसी फिल्में दे चुके हैं। अभिनेता का पहला पोस्टर कुछ महीने पहले सोशल मीडिया पर जारी किया

## गिप्पी ग्रेवाल की फिल्म कैरी ऑन जट्टा 4 का ट्रेलर जारी, हंसी से कर देगा लोटपोट

पंजाबी सिनेमा के जाने-माने एक्टर गिप्पी ग्रेवाल अपनी सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी कैरी ऑन जट्टा की चौथी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका दर्शक बड़े ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. स्मीप कांग इस फिल्म के डायरेक्टर हैं. अब फाइनली फिल्म कैरी ऑन जट्टा 4 का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. कॉमेडी से भरपूर इस ट्रेलर को लोग काफी पसंद कर रहे हैं.

ट्रेलर की शुरुआत गुरप्रीत गुग्गी से होती है, जो जसविंदर भल्ला जी की मौत का दुख मना रहे हैं. इसके बाद गिप्पी और बिन्नू ढिल्लों अपने पुराने किरदारों में एंट्री मारते हैं. पूरी कहानी तब उलझ जाती है,

## झुमके, बिंदी...और मुस्कान; साड़ी में कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिखीं मौनी रॉय

अभिनेत्री मौनी रॉय इन दिनों वेब सीरीज अब होगा हिसाब को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सीरीज 8 जून को एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई है। मौनी के अलावा इसमें शाहीर शेख और संजय कपूर भी हैं। इस बीच मौनी अपने साड़ी लुक को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं।

मौनी रॉय ने आज शनिवार को अपनी कुछ खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। वे साड़ी पहने स्टाइलिश पोज देती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, हमेशा एक साड़ी वाली लड़की।

मौनी रॉय गोल्डन कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं, जिसे उन्होंने लाल रंग के ब्लाउज के साथ कैरी किया है। इसके साथ उन्होंने छोटी सी लाल बिंदी और मैचिंग झुमकों से लुक कंपलीट किया है।

मौनी रॉय का हेयरस्टाइल भी उनके लुक में चार चांद लगा रहा है। उन्होंने बालों को खुला रखा है। लहराती हुई जुल्फों के साथ पोज देते हुए मौनी बला की खूबसूरत लग रही हैं।



मौनी रॉय की तस्वीरों पर नेटिजंस के ढेर सारे रिएक्शन आ रहे हैं। यूजर्स उन्हें भारतीय कल्चर का चांद कह रहे हैं तो कोई लिख रहा है, आपके ऊपर सभी लिबास अच्छे लगते हैं, मगर साड़ी की बात ही अलग है।

मौनी की निजी जिंदगी की बात करें तो पति सूरज नांबियार के साथ उनका सेपरेशन हो गया है। बता दें कि दोनों ने साल 2022 में गोवा में शादी की थी।

## कॉकटेल 2 बॉक्स ऑफिस डे 2: लोगों को पसंद आ रहा शाहिद, रश्मिका, कृति का लव ट्रैंगल, फिल्म ने 50 करोड़ का आंकड़ा किया पार

शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन ने कॉकटेल 2 को बॉलीवुड फैंस की वॉचलिस्ट में जगह दिला दी है. सबसे ज्यादा चर्चा शाहिद और रश्मिका की पहली बार साथ आने वाली जोड़ी की हो रही है. उनकी नई जोड़ी ने पहले ही लोगों में उत्सुकता जगा दी है, खासकर उन दर्शकों में जिन्हें शानदार रोमांटिक फिल्में पसंद हैं. कृति के होने से फिल्म का स्टार पावर और बढ़ गया है. हालांकि शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की फिल्म कॉकटेल 2 की कमाई में दूसरे दिन ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई. लेकिन यह डबल डिजिट में कमाई करने में कामयाब रही. कॉकटेल अपने गानों, दोस्ती में टकराव और मॉडर्न रिश्तों के ड्रामा की वजह से यादगार बन गई थी. इसकी लोकप्रियता सिर्फ व ट्राएंगल पर ही नहीं, बल्कि शहर में रहने वाले युवा दर्शकों के लिए बनाए गए खास माहौल पर भी टिकी थी. इसी पुरानी याद की वजह से कॉकटेल 2 को पहले से ही फायदा मिल रहा है. इसमें रोमांस, इमोशनल, शानदार विज़ुअल्स और ऐसे साउंडट्रैक की उम्मीद करेंगे जो फिल्म के बाद भी लोगों को पसंद आए. कॉकटेल 2 ने अपनी दमदार कहानी और साउंडट्रैक की वजह से लोगों के दिलों पर राज कर रही है. इसी वजह से फिल्म ने पहले दिन शानदार कमाई की है. मेकर्स ने पहले दिन की कमाई का आंकड़ा अपने फैंस के साथ साझा किया. मेकर्स के मुताबिक, कॉकटेल 2 ने अपोनिंग डे पर वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 24 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था., जिसमें से इसने इंडिया में 16.64 करोड़ रुपये ग्रॉस और 14.1 करोड़ रुपये नेट का बिजनेस किया. ओवरसीज से इसने 7.36 करोड़ रुपये की ग्रॉस कमाई की है. बॉक्स ऑफिस पर शानदार ओपनिंग के बाद फिल्म ने दूसरे दिन भी शानदार कमाई की. मेकर्स ने रविवार को फिल्म के दूसरे दिन की कमाई का आंकड़ा साझा किया है. मेकर्स के मुताबिक, फिल्म ने दूसरे वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 29.4 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है.

## कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल इंदौर में चिल्ड्रन्स हार्ट सेंटर की शुरुआत; बच्चों के हृदय के इलाज के लिए अब इंदौर में ही मिलेंगे कोकिलाबेन मुंबई हॉस्पिटल के टॉप सुपर-स्पेशलिस्ट डॉक्टर

इंदौरः कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर ने अपने विशेष चिल्ड्रन्स हार्ट सेंटर की शुरूआत करने की आधिकारिक तौर पर घोषणा की है। इसके साथ ही, अस्पताल ने यह भी बताया कि हमारे कोकिलाबेन मुंबई हॉस्पिटल के सुपर-स्पेशलिस्ट डॉक्टर अब नियमित रूप से इंदौर का दौरा करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश और पड़ोसी क्षेत्रों के मरीज़ों तक सुपर-स्पेशलिटी इलाज पहुँचाना है। इसके लिए हमारे कोकिलाबेन मुंबई हॉस्पिटल के अन्य विशेषताओं के अनुभवी डॉक्टर इंदौर में नियमित रूप से सेवाएं देंगे। यहाँ मरीज़ों को पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी की सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही, न्यूरोसाइंस और ट्रांसप्लांटेशन विभागों के लिए भी विशेष सेवाएं शुरू की गई हैं। इन सभी विभागों में अब शेड्यूल्ड कन्सल्टेशन, उन्नत इलाज और ऑपरेशन की सुविधाएं इंदौर में ही मिलेंगी। यह नया चिल्ड्रन्स हार्ट सेंटर इस क्षेत्र में बच्चों के लिए आधुनिक और विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के अस्पताल के संकल्प को और मज़बूत करता है।

नया शुरू किया गया चिल्ड्रन्स हार्ट सेंटर बच्चों के हृदय की छिपी या अनजानी बीमारियों की गंभीर चुनौती को दूर करने का काम करेगा। इसके लिए यहाँ एक अनुभवी और मल्टीडिसिप्लिनरी डॉक्टरों की टीम द्वारा सही समय पर सटीक जांच, आधुनिक इलाज और विशेष कार्डियक केयर की सुविधा दी जाएगी। यह सेंटर बच्चों के हृदय के इलाज के लिए आधुनिक जांच और उपचार से जुड़ी व्यापक सेवाएं देता है। यहाँ उपलब्ध विशेष सुविधाओं में गर्भ में पल रहे शिशु और बच्चों के हृदय की विशेष जांच के लिए फीटल और पीडियाट्रिक इकोकार्डियोग्राफी शामिल है। इसके साथ ही, जन्मजात हृदय के छेद को बिना बड़ी सर्जरी के बंद करने के लिए एएसडी, वीएसडी और पीडीए डिवाइस क्लोजर जैसी आधुनिक तकनीक भी उपलब्ध है। यहाँ बच्चों के हृदय के बेहद जटिल ऑपरेशनों के लिए अत्यधिक एडवांस्ड पीडियाट्रिक सर्जरी की सुविधा भी मिलेगी। इन आधुनिक सर्जरी में आर्टीरियल स्विच, टीएपवीसी रिपेयर, फॉन्टेन रिपेयर और टेट्रालॉजी ऑफ फैलो (नीले बच्चे की बीमारी का ऑपरेशन) जैसे बड़े और जीवनरक्षक इलाज शामिल हैं।

कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल के सीईओ और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. संतोष शेट्टी ने कहा, बच्चों के हृदय रोगों के मामले में सही समय पर बीमारी की पहचान होना और तुरंत इलाज मिलना ही सबसे महत्वपूर्ण है। हमारा यह नया चिल्ड्रन्स हार्ट सेंटर, बच्चों को बेहतरीन और विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाएं देने के हमारे इसी निरंतर प्रयास का नतीजा है। इसके साथ ही, हमारे कोकिलाबेन मुंबई हॉस्पिटल के अन्य विशेषताओं के टॉप सुपर-स्पेशलिस्ट डॉक्टर अब लगातार इंदौर में उपलब्ध रहेंगे। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि पूरे मध्य प्रदेश के परिवारों को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर का इलाज कराने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि यह विश्वस्तरीय सुविधा उन्हें अपने घर के पास ही मिल जाएगी।

## रोजाना एक्सरसाइज करने से जुड़े इन भ्रमों को सही मानते हैं लोग, जानिए इनकी सच्चाई



शारीरिक सक्रियता हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। फिर चाहे यह किसी भी रूप में हो, जैसे रोजाना 30 मिनट टहलना, दौड़ना, साइकिल चलाना या तैरना। इससे न केवल हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हालांकि, कई लोग रोजाना एक्सरसाइज करने को लेकर कुछ भ्रम फैलाते हैं। आइए आज हम आपको रोजाना एक्सरसाइज करने से जुड़े भ्रम और उनकी सच्चाई बताते हैं।

भ्रम- रोजाना एक्सरसाइज करने से शरीर में होता है दर्द

कई लोगों का मानना है कि रोजाना एक्सरसाइज करने से शरीर में दर्द होता ही है, लेकिन यह पूरी तरह गलत है। अगर आप सही तरीके से एक्सरसाइज कर रहे हैं और आपकी तकनीक अच्छी है तो आपको दर्द नहीं होगा। हां, अगर आपको किसी भी तरह की असुविधा या दर्द महसूस हो तो इसका मतलब है कि आप कुछ गलत कर रहे हैं। इसलिए, हमेशा सही तरीके का इस्तेमाल करें और अपने शरीर की सुनें।

भ्रम- ज्यादा पसीना बहाने का मतलब ज्यादा कैलोरी बर्न होना

यह भी एक सामान्य भ्रम है कि ज्यादा पसीना बहाने का मतलब ज्यादा कैलोरी बर्न होना होता है। हालांकि, यह जरूरी नहीं है कि जितना ज्यादा पसीना, उतना ज्यादा जली कैलोरी। दरअसल, पसीना हमारे शरीर का तापमान नियंत्रित करने का एक तरीका है, न कि यह संकेतक है कि आपने कितनी कैलोरी बर्न की है। इसलिए, पसीना की मात्रा पर ध्यान देने के बजाय अपनी शारीरिक गतिविधियों और आहार पर ध्यान दें, ताकि आप स्वस्थ रह सकें।

भ्रम- एक्सरसाइज करने से पहले स्ट्रेचिंग है जरूरी

शायद आप भी इस बात से वाकिफ होंगे कि एक्सरसाइज करने से पहले स्ट्रेचिंग करना जरूरी है, लेकिन यह भी एक भ्रम है। दरअसल, एक्सरसाइज से पहले हल्का वार्मअप करना चाहिए और स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज के बाद करनी चाहिए। इसके अलावा अगर आप स्ट्रेचिंग को ज्यादा देर तक करते हैं तो इससे मांसपेशियों में खिंचाव आ सकता है। इसलिए, एक्सरसाइज से पहले हल्का वार्मअप करें और बाद में स्ट्रेचिंग करें।

भ्रम- रोजाना एक्सरसाइज करने से मांसपेशियों में होता है दर्द

रोजाना एक्सरसाइज करने से मांसपेशियों में दर्द होने लगता है, ऐसा मानना भी एक भ्रम है। अगर आपको एक्सरसाइज करने के बाद मांसपेशियों में दर्द होता है तो इसका मतलब है कि आप बहुत ज्यादा मेहनत कर रहे हैं या फिर आपकी तकनीक गलत हो सकती है। एक्सरसाइज के दौरान आपको हल्का तनाव महसूस हो सकता है, लेकिन दर्द नहीं होना चाहिए। अगर दर्द हो तो थोड़ी देर आराम करें और अपनी तकनीक पर ध्यान दें।

भ्रम- एक्सरसाइज करते समय पेट होना चाहिए खाली

यह भी एक भ्रम है कि एक्सरसाइज करते समय पेट खाली होना चाहिए, क्योंकि इससे ज्यादा कैलोरी बर्न होती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। अगर आप खाली पेट एक्सरसाइज करते हैं तो इससे कमजोरी आ सकती है और शरीर में ऊर्जा की कमी हो सकती है। बेहतर होगा कि आप हल्का नाश्ता करके एक्सरसाइज करें, ताकि आपको ऊर्जा मिल सके और आप बेहतर प्रदर्शन कर सकें। प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन आपको ज्यादा ताकत प्रदान करेगा।

## एक खास किस्म का फल है तारा सेब, इसे इन तरीकों से करें डाइट में शामिल



तारा सेब एक खास फल है, जो आकार में तारे की तरह दिखता है और स्वाद में खट्टा-मीठा होता है। यह फल विटामिन-सी, पोटेशियम और फाइबर से भरपूर होता है। आमतौर पर तारा सेब का सेवन सलाद या ठंडे पेय के रूप में किया जाता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि इसे अन्य कई तरीकों से भी खाया जा सकता है? आइए आज हम आपको तारा सेब के कुछ अनोखे व्यंजनों के बारे में बताते हैं।

तारा सेब का रस बनाकर पिएं

तारा सेब का रस पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इसमें विटामिन-सी की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तारा सेब को धोकर उसके टुकड़े कर लें, फिर उसे रस निकालने वाले यंत्र में डालकर उसका रस निकालें। इस रस को ताजे पुदीने की पत्तियों और थोड़ी-सी चीनी के साथ मिलाकर पीएं। यह पेय गर्मियों में आपको तरोताजा रखेगा।

तारा सेब की चटनी बनाएं

तारा सेब की चटनी खाने का स्वाद बढ़ाने में मदद कर सकती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तारा सेब को छोटे टुकड़ों में काट लें, फिर उसमें अदरक, लहसुन, हरी मिर्च और नमक मिलाकर पीस लें। इस मिश्रण को थोड़ी देर पकाएं, ताकि सारे मसाले अच्छे से मिल जाएं। इस चटनी को पराठे या रोटी के साथ खाया जा सकता है। यह आपके खाने को नया स्वाद देगी और पौष्टिक भी होगी।

तारा सेब का ठंडा मीठा बनाएं

गर्मियों में ठंडा-ठंडा मीठा खाना किसे पसंद नहीं होता? स्टार सेब का ठंडा मीठा बनाना बहुत आसान है। इसके लिए सबसे पहले स्टार सेब के टुकड़ों को पीस लें, फिर इसमें दूध, चीनी और मलाई मिलाकर जमने के लिए रख दें। कुछ घंटों बाद आपका ठंडा मीठा तैयार हो जाएगा। इसे ठंडा-ठंडा परोसें और अपने परिवार के साथ इसका आनंद लें। यह न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है।

तारा सेब का मीठा मुरब्बा बनाएं

तारा सेब का मीठा मुरब्बा नाश्ते में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तारा सेब के टुकड़ों को चीनी और नींबू रस के साथ पकाएं, जब तक कि वह गाढ़ा न हो जाएं। इस मुरब्बे को ब्रेड या पराठे पर लगाकर खाया जा सकता है। यह मुरब्बा न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसमें मौजूद विटामिन-सी आपकी सेहत के लिए फायदेमंद है। इसे ठंडा करके फ्रिज में भी रखा जा सकता है।

तारा सेब का मिल्क शेक बनाएं

सुबह-सुबह ऊर्जा से भरपूर रहने के लिए तारा सेब का मिल्क शेक पीना अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक यंत्र में एक तारा सेब का टुकड़ा, आधा केला, थोड़ी दही और शहद डालकर अच्छे से पीस लें। इस मिश्रण को गिलास में डालकर ऊपर से थोड़ी-सी पुदीने की पत्तियां डालें। यह मिल्क शेक न केवल स्वादिष्ट है,

## शब्द सामर्थ्य -077


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाली 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवां हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 076 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | जां | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | व |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पाटन में रज्जन चक्रवर्ती उम्र 42 वर्ष निवासी रैठरा पाटन ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह घर से विनोद महाराज की किराना दुकान बीडी लेने गया था जहाँ पर बिहारी प्रजापति भी दुकान पर पहले से खडा था बिहारी पैसो की बात को लेकर वाद विवाद करने लगा तो वह वापस अपने घर जाने लगा जैसे ही वह ट्रांसफार्मर के पास पहुंचा तभी पीछे से बिहारी प्रजापति अपने बेटे अमल के साथ हाथ में डण्डा लेकर आया दोनो उसके साथ गालीगलौज करने लगे उसने गालीगलौज करने से



# नागरिकों को की जाने वाली जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर नगर निगम की व्यापक तैयारियॉ

## महापौर और निगमायुक्त ने जल विभाग के अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर के नागरिकों को गर्मी के दिनों में भी पर्याप्त पानी मिल सके, इसके लिए नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। इस पूरी व्यवस्था को जमीनी धरातल पर लाने के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने जल विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में महापौर श्री अन्नू और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने निर्देश दिए हैं कि शहर के किसी भी कोने में पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिए। जल संसाधन के बेहतर प्रबंधन और तकनीकी दिक्कतों को तुरंत



दूर करने के लिए अधिकारियों को फील्ड पर मुस्तैद रहने को कहा गया है।

बैठक में महापौर श्री अन्नू ने बताया कि नगर निगम ने उन क्षेत्रों के लिए विशेष तैयार की है, जहां अभी तक पाइप लाइन नहीं बिछ पाई है या जहां पानी का दबाव कम रहता है। समीक्षा बैठक में उन्होंने बताया कि ऐसे सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त पानी के टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

बैठक में महापौर और निगमायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि जलापूर्ति प्रबंधन को और अधिक बेहतर, त्वरित और प्रभावी बनाने के लिए आज नगर निगम के बेड़े में 10 अतिरिक्त पानी के टैंकरों को शामिल किया गया है। इन नए टैंकरों की मदद से प्रभावित क्षेत्रों में बिना किसी देरी के पानी पहुंचाया जा सकेगा। महापौर श्री अन्नू ने कहा कि हमारा संकल्प है कि शहर के हर नागरिक को पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल मिले। जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन नहीं है, वहां भी पानी की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। नए टैंकरों के आने से हमारी पानी सप्लाई को और मजबूत मिलेगी। इस अवसर पर अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री राजेश खंपरिया, संदीप जायसवाल, अंकुर नाग, संजय सिंह, गुलाब इनवाती , मनोज पटेल, शैलेन्द्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

बलिदान दिवस पर भाजपा ने भंवरताल स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

# वीरता, स्वाभिमान और शौर्य की प्रतीक थी रानी दुर्गावती



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गोंडवाना साम्राजय शासिका वीरांगना रानी दुर्गावती की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा भंवरताल स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, सांसद श्री आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकी, महापौर श्री जगबहादुर सिंह अन्नू, जेडीए अध्यक्ष श्री संदीप जैन, उपाध्यक्ष श्री प्रशांत केसरवानी, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिकुंज विज, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्वनी पराँजपे, निशक्तजन प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक श्री संदीप रजक उपस्थित थे।

इस अवसर पर सांसद श्री आशीष दुबे ने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन साहस, त्याग, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने अपने राज्य, संस्कृति और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए मुगल आक्रमणकारियों का डटकर सामना किया तथा अंतिम सांस तक संघर्ष करते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका अदम्य साहस आज भी देश की बेटियों और युवाओं को राष्ट्रसेवा तथा आत्मसम्मान के लिए प्रेरित करता है।

राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि ने कहा कि रानी दुर्गावती केवल गोंडवाना की शासिका ही नहीं थीं, बल्कि वे सुशासन, जनकल्याण और महिला सशक्तिकरण की भी प्रतीक थीं। उनके नेतृत्व में राज्य ने समृद्धि, सुरक्षा और विकास के नए आयाम स्थापित किए। भारतीय इतिहास में उनका योगदान सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने कहा कि रानी दुर्गावती का बलिदान भारतीय संस्कृति, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का अमर प्रतीक है। उनका जीवन सदैव हमें अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा। उनके बलिदान और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाकर मातृभूमि के प्रति समर्पण का काम ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल, सोनू बचवानी, संकल्प पाठक, सुधांशु गुप्ता, आत्मीका सिंह, दशरथ पटेल, रवि शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आपातकाल : काला दिवस विषय पर संगोष्ठी आज-भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह करेंगे सम्बोधित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा आपातकाल : काला दिवस विषय पर संगोष्ठी का आयोजन कल गुरुवार 25 जून को दोपहर 2 बजे से कल्चर स्ट्रीट भंवरताल उद्यान में किया गया है। संगोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह जी सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने बताया 25 जून 1975 को देश में लोकतंत्र कि हत्या करते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी ने देश में आपातकाल लगाया था और हजारों लोगो को जेलों में निरुद्ध किया था, यह दिन देश के लिए काला दिवस साबित हुआ और हम इसे काला दिवस के रूप में मनाते है इसी तारतम्य में भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कल संगोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसमे युवाओं संस्कारधानी के युवा वर्ग को हमारे वक्ता सम्बोधित करेंगे, साथ ही लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान भी किया जायेगा।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह का आगमन आज

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी मप्र के प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह का कल गुरुवार 25 जून को प्रातः 8:15 बजे वाई मार्ग से जबलपुर आगमन होगा। डॉ महेंद्र सिंह कल प्रात: 10:30 बजे साइंस कॉलेज मैदान में पौधारोपण करेंगे. डॉ सिंह दोपहर 2 बजे कल्चर स्ट्रीट में आपातकाल काला दिवस पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करेंगे। डॉ सिंह शाम 4:30 बजे सड़क मार्ग से भोपाल रावना होंगे।

# वृद्धाश्रम के वरिष्ठ जनों का किया सम्मान



जबलपुर। बड़ा फुहारा स्थित पीपल वाला मित्र मंडली के द्वारा होटल गुलजार में एक कार्यक्रम आयोजित कर वृद्धाश्रम के वृद्ध जनों का सम्मान कर उन्हें भोजन कराया गया। इस दौरान उनके अनुभव, स्नेहराजेश जैन कल्लू, और आशीर्वाद ने उक्त क्षण को और भी अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम में पत्रकार विनोद यादव, शरद समैया, राजेश जैन कल्लू, सिद्धांत पाठक सहित अन्य उपस्थित रहे

# ओ.बी.सी. आरक्षण के प्रकरणों की सुनवाई हाईकोर्ट में 15 जुलाई से

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में ओ.बी.सी. आरक्षण के 91 प्रकरणों की अंतिम सुनवाई के लिए जस्टिस आनंद पाठक एवं जस्टिस भगवती प्रसाद शर्मा की खंडपीठ के समक्ष सूचिवद्ध थे 7 प्रकरणों की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने आगामी सुनवाई जुलाई के अंतिम सप्ताह में नियत करना चाहा लेकिन ओ.बी.सी. वर्ग की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं उनके सहयोगी अधिवक्ताओ ने विरोध करते हुए कोर्ट को बताया की प्रदेश के लगभग 35 हजार अभ्यर्थी इन प्रकरणों के कारण प्रभावित है, जिनमे से लगभग 20 अभ्यर्थियों से अधिक आत्महत्याए कर चुके है तथा सभी होल्ड अभ्यर्थी विगत 7 वर्षो से नियुक्तियों का इन्तजार कर रहे है जिसमे 13त्न ओ.बी.सी. तथा 13त्न सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी इस प्रकार कुल लगभग 35 विभागों से अधिक विभागों की भर्तियो में होल्ड किए गए है7 ओ .बी.सी. वर्ग की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं उनके सहयोगी विनायक प्रसाद शाह अधिवक्तता ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश 18 फरबरी 2026 को अवगत कराया। जिसमे सर्वोच्च न्यायालय ने हाईकोर्ट के सभी स्थगन आदेशो को रिक्त करने की बात कही गई है, लेकिन सरकार की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में उक्त सभी प्रकरणों को दिनांक 19 फरबरी 2026 को सूचिवद्ध करने का अनुरोध किया गया था, तथा मध्य प्रदेश सरकार की ओर से स्थगन रिक्त करने से संवंधित असमति व्यक्त की गई थी, तब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सभी प्रकरणों को पुन: हाईकोर्ट बापिस करते हुए, अपने आदेश 9/2/26 में स्पस्ट किया गया है की विशेष बैच गठित कर तीन माह के अंदर प्रकरणों का निराकरण किया जाए तथा , हाईकोर्ट उक्त प्रकरणों की सुनवाई के दौरान अंतरिम आदेशो के निरस्तीकरण के संवंध में भी बिचार करेगी 7 ओ.बी.सी. वर्ग की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं उनके सहयोगी अधिवक्ताओ के उक्त समस्त तर्कों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कटाक्ष करते हुए कहा की स्टे किस बात का है ? तब बताया गया की कुछ भर्ती के विज्ञापनों तथा रोस्टर पर स्टे है, न की कानून पर स्टे नहीं है , तब सरकार का पक्ष रख रहे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता के.एम नटराज ने कहा की प्रकरणों में अंतिम सुनवाई की जाए न की अंतरिम आदेशो को निरस्त करने के संवंध में बिचार किया जाए 7 हाईकोर्ट भी सरकार की ओर से कही गई बात पर सुनकर असहज हो गई तथा कहा की जब कानून पर स्टे नहीं है तो भर्तिया की जा सकती है, तब सरकार की ओर से कहा गया की प्रकरणों के निराकरण के बाद ही सरकार पदों को अन्होल्ड करेगी 7 आज की बहस से फिर स्पष्ट हो गया है की सरकार ओ.बी.सी. का 27त्न का कानून लागू ही करना नहीं चाहती 7

# वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। 24 जून को वीरांगना रानी दुर्गावती जी का बलिदान दिवस (शहादत दिवस) श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान नरई नाला समाधि स्थल पर वीरांगना रानी दुर्गावती जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय साहस, शौर्य एवं बलिदान को नमन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का प्रेरणास्त्रोत है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश पटेल, विवेक यादव, मुन्नी बाई, सुकृति त्रिपाठी, राजेश पटेल, रविन्द्र बर्मन सहित कांग्रेसजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया।

# आनन्द प्रकाश राणे बने pwd मुख्य अभियंता, शीट में जाकर कर्मचारियों से मिले



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र मुख्य अभियंता का कार्यभार आनन्द प्रकाश राणे एवं जबलपुर मंडल जबलपुर का कार्यभार अधीक्षण यंत्री बी एल भलावी ने ग्रहण कर लिया हैं । मुख्य अभियंता आर एल वर्मा का भोपाल प्रमुख अभियंता के पद पर स्थानांतरण होने के कारण अयस्थाई रूप से अधीक्षण यंत्री डी के सारीवान इस पद का कार्यभार सम्हाल रहे थे। मुख्य अभियंता ने कार्यालय के कर्मचारियों से सीट में जाकर मुलाकात कर कार्य की जानकारी ली।

आनन्द प्रकाश राणे के मुख्य अभियंता पद पर नियुक्त होने पर लोक निर्माण विभाग भवन अधीक्षण यंत्री शिवेंद्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी मनीष ठाकुर,मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, जी पी द्विवेदी, अर्जुन सोमवंशी, सुशील गुप्ता, राजा राम डेहरिया, नितिन सेलेट, संजय मजूमदार, अनुराग गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, रोशन पासी, अरविंद शाहू, अरविंद बनखेड़े ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

# हजूर साहिब एक्ट 1956 को समाप्त कर नया कानून लागू करने के प्रस्ताव का सिक्ख समाज ने किया विरोध

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सिक्ख समाज ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा लगभग 70 वर्ष पुराने हज़ूर साहिब (अबचल नगर, नांदेड़) एक्ट 1956 को समाप्त कर उसके स्थान पर नया कानून एवं नये नियम लागू करने के प्रस्ताव पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसका विरोध किया है।

सिक्ख यूथ एंड सीनियर एसोसिएशन इंडिया (रजि.) के अध्यक्ष एवं एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय संयोजक दलवीर सिंह जस्सल ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को ज्ञापन प्रेषित कर इस विषय पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि तख्त सचखंड श्री हज़ूर साहिब, नांदेड़ सिक्ख पंथ की सर्वोच्च धार्मिक संस्थाओं में से



एक है तथा देश-विदेश में बसे करोड़ों सिक्ख श्रद्धालुओं की आस्था एवं धार्मिक भावनाओं का केंद्र है। ऐसे महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सामाजिक विषय पर सिक्ख समाज, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी), श्री अकाल तख्त साहिब के सिंह साहिबान एवं अन्य पंथक संगठनों से व्यापक विचार-विमर्श और सहमति के बिना कोई भी निर्णय लिया जाना उचित नहीं है।

श्री जस्सल ने कहा कि श्री हज़ूर साहिब की ऐतिहासिक परंपराओं, मर्यादा एवं स्वायत्तता को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। वर्षों से चली आ रही व्यवस्था में एकतरफा बदलाव अथवा नया कानून थोपने का प्रयास सिक्ख समाज की धार्मिक स्वतंत्रता एवं संवैधानिक अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि हज़ूर साहिब एक्ट 1956 को समाप्त करने एवं नया कानून लागू करने की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए तथा इस विषय पर कोई भी अंतिम निर्णय लेने से पूर्व सिक्ख समाज, एसजीपीसी, श्री अकाल तख्त साहिब के सिंह साहिबानों एवं सभी संबंधित पंथक संगठनों से व्यापक राय-मशविरा किया जाए।

# शहादत की रात आज, मदार छल्ला में हाजिरी पेश करेंगी सवारियां

## सातवीं तारीख को 200 के करीब सवारियों ने दी सलामी, शहरभर में अकीदत और इंतजामात मुकम्मल

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।। मुहर्रम पर्व की शहादत (कत्ल) की रात आज पूरे शहर में अकीदत और एहतराम के साथ मनाई जाएगी। तारीख-ए-करबला के अनुसार नौवीं मुहर्रम शहीद-ए-आजम हज़रत इमाम हुसैन आली मुकाम की जाहिरी हयात की अंतिम रात थी, जबकि 10वीं मोहर्रम यौमे आशूरा के दिन उन्होंने अल्लाह की रज़ा के लिए शहादत का जाम पिया। शहादत की रात के मौके पर शहरभर में ताजिया और सवारियों के जुलूस निकलेंगे तथा विभिन्न स्थानों पर अकीदतमंद हाजिरी पेश करेंगे। शहादत की रात सवारियां गश्त पर निकलकर मदार छल्ला पहुंचेंगी, जहां हाजिरी पेश की जाएगी। वहीं ताजियों को सिटी कोतवाली के सामने जियारत के लिए रखा जाएगा।

उपनगरीय क्षेत्रों में विशेष आयोजन

सदर क्षेत्र में ताजिया और सवारी के जुलूस सदर बाजार की गलियों में गश्त के बाद शिवाजी ग्राउंड में एकत्रित होंगे। मुख्य रूप से गली नंबर-9 का पंचायती ताजिया, चांदी की सवारी एवं अफजल बाबा की सवारी शामिल होंगी। फातिहाखानी के उपरांत जुलूस घंटाघर स्थित हज़रत मशीन वाले बाबा की दरगाह के लिए रवाना होगा। गढ़ा क्षेत्र में शहादत की रात का आयोजन गढ़ा बाजार में किया जाएगा, जहां डॉ. सैयद मकबूल अली कादरी, सूफी निजाम बाबा, खलीफा मुमताज मंसूरी एवं दादा दरबार की सवारियां प्रमुख रूप से शामिल होंगी। गढ़ा बाजार में कौमी एकता मुर्तजा एकता कमेटी के मुईन उस्मानी द्वारा सवारियों एवं ताजियों का इस्तकबाल किया जाएगा।

मुफ़्ती-ए-आज़म की अपील

मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डॉ. मुशाहिद रज़ा कादरी ने मुहर्रम पर्व को शालीनता एवं अकीदत के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने बड़े ट्रकों के स्थान पर छोटे वाहनों से लंगर वितरण करने तथा लंगर को फेंककर न देने की सलाह दी है। साथ ही यौमे आशूरा पर रोज़ा रखने, इबादत करने तथा मीठे चावल, दूध की छबील और शाकाहारी पुलाव जैसे लंगर तकसीम करने का आग्रह किया है।

सिटी कोतवाली में लंगर और इस्तकबाल

सिटी कोतवाली स्थित मौलाना की गली में मरहूम शेख मुन्ना नियाजी और मरहूम अब्दुल रऊफ बाबा नियाजी के इमामबाड़े में शहादत की रात चाय-पानी की व्यवस्था की गई है। मोहम्मद रईस नियाजी, मीर फैजान अली नियाजी, हाजी मोहम्मद अनीस नियाजी, मोहम्मद अबरार नियाजी एवं मोहम्मद हुसैन नियाजी ने तमाम जायरीनों से शिरकत की गुजारिश की है। अंजुमन खादिमाने अहले बैत कमेटी के ताहिर खान, वाजिद खान, एडवोकेट रिजवान खान, रईस भाई एवं सादिक खान द्वारा लंगर तकसीम किया जाएगा तथा मुजावरों का इस्तकबाल किया जाएगा।

चार खम्बा और मंडी मदार टेकरी में विशेष आयोजन

मुस्लिम बहुल क्षेत्र चार खम्बा में मदनी मिल्लत के सरपरस्त मतीन अंसारी के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शहादत की रात सवारियों के मुजावरों का इस्तकबाल एवं लंगर वितरण किया जाएगा। चार खम्बा में समिति द्वारा कर्बला की झांकी कई दशकों से सजाई जा रही है, जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ इकबाल, उपाध्यक्ष कुतुबुद्दीन, सचिव मोहम्मद शोएब, गुड्डू बाबा एवं अफरोज भाई सहित सभी पदाधिकारियों ने जायरीनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

मंडी मदार टेकरी में आकर्षक विद्युत सज्जा के लिए प्रसिद्ध कमेटी बज़्मे गुलशने कुरैश के तत्वावधान में मुजावरों के इस्तकबाल का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले बाबा साहबान मुजावरों का स्वागत किया जाएगा तथा लंगर-ए-आम का आयोजन होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए शाकिर हुसैन कुरैशी, आमीन कुरैशी एवं नायाब कुरैशी ने सभी अकीदतमंदों से शिरकत की गुजारिश की है।

सातवीं तारीख को 200 के करीब सवारियों ने दी सलामी



मुहर्रम की 7वीं तारीख सफर की रात मदन महल दरगाह में आयोजित सलामी समारोह में लगभग 200 सवारियों ने सलामी पेश की। सज्जादानशीन निजाम कादरी एवं खलीफा इनायत अली कादरी के अनुसार इस वर्ष बड़ी संख्या में सवारियां दरगाह पहुंचीं और सलामी पेश की।

अखाड़ों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

मुहर्रम की आठवीं तारीख पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अखाड़ा कमेटियों द्वारा हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया गया। सदर में अब्बास अलमदार कमेटी द्वारा बैंड-बाजों पर शहीदी कलाम की धुनें प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हिंदू-मुस्लिम अकीदतमंद उपस्थित रहे और धुनों पर नजराने पेश किए।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पाटन में रज्जन चक्रवर्ती उम्र 42 वर्ष निवासी रैठरा पाटन ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह घर से विनोद महाराज की किराना दुकान बीडी लेने गया था जहाँ पर बिहारी प्रजापति भी दुकान पर पहले से खडा था बिहारी पैसो की बात को लेकर वाद विवाद करने लगा तो वह वापस अपने घर जाने लगा जैसे ही वह ट्रांसफार्मर के पास पहुंचा तभी पीछे से बिहारी प्रजापति अपने बेटे अमल के साथ हाथ में डण्डा लेकर आया दोनो उसके साथ गालीगलौज करने लगे उसने गालीगलौज करने से मना किया

बलिदान दिवस पर कार्यक्रम में सीएम का ऐलान

# रानी दुर्गावती के नाम पर होगा डुमना एयरपोर्ट, 52 फीट ऊंची प्रतिमा लगेगी



जबलपुर. गोंड साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती का आज बुधवार को बलिदान दिवस है. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल होने जबलपुर पहुंचे. उन्होंने बरहा गांव स्थित रानी दुर्गावती समाधि स्थल पर पूजन-अर्चन किया और प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और मंत्री राकेश सिंह भी मौजूद रहे. सीएम ने कहा कि जबलपुर शहर में रानी दुर्गावती की 52 फीट ऊंची प्रतिमा सहित 100 करोड़ रुपए के स्मारक निर्माण की आधारशिला 5 अक्टूबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी थी, जो जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा.सीएम ने कहा कि भारत में गोंड राजवंश की महानतम रानी दुर्गावती को उनके अप्रतिम साहस और बलिदान के लिए याद किया जाता है. उन्होंने मुगल सेना से अपनी मातृभूमि और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था. सीएम ने कहा कि अब हम सभी की इच्छा है कि जबलपुर एयरपोर्ट का नाम भी रानी दुर्गावती के नाम पर रखा जाए, ताकि देश-दुनिया से आने वाले लोगों को इस वीरांगना और इस स्थान की याद बनी रहे. राज्य सरकार एयरपोर्ट के नामकरण को लेकर भारत सरकार के समक्ष अपना प्रस्ताव रखेगी.

# जमीन की खातिर अपनों ने बहाया खून, दंपती पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला, सिर और हाथों में आई गंभीर चोटें

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** सिहोरा थाना क्षेत्र के ग्राम डुंडी जमुनिया में जमीन के विवाद को लेकर रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ एक सगी बहन, बहनोई और भांजे ने मिलकर अपने ही भाई और भाभी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। इस खूनी झड़प में पीड़ित पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम डुंडी जमुनिया निवासी 37 वर्षीय सुरेंद्र चौधरी और उनकी 30 वर्षीय पत्नी वंदना चौधरी का अपने ही परिवार से जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। मंगलवार को इसी बात को लेकर सुरेंद्र के बहनोई संतोष



चौधरी, सगी बहन संतरा चौधरी और उनके बेटे ( भांजे ) नितेश चौधरी ने फिर से झगड़ा शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शुरुआत में दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस और कहासुनी हुई। लेकिन देखते ही देखते विवाद इतना उग्र हो गया कि आरोपी संतोष, संतरा और नितेश ने आपा खो दिया और पास ही रखी कुल्हाड़ी से सुरेंद्र और वंदना पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। कुल्हाड़ी के इस वार से सुरेंद्र और वंदना चौधरी लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। हमले में दोनों के सिर, हाथों और शरीर के अन्य हिस्सों पर गहरे और गंभीर जख्म आए हैं। वारदात के बाद चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग मौके पर जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ फिलहाल उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। घटना के बाद अस्पताल से छुट्टी मिलने व होश में आने पर पीड़ित दंपती ने सिहोरा थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई।

# पुरानी रंजिश पर नर्स के घर देर रात फेंके सुअरमार बम

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** अधारताल थाना क्षेत्र में पुरानी मकान संबंधी रंजिश के चलते एक महिला के घर में सुअरमार बम फेंकने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया।

पुलिस के अनुसार व्हीकल मोड़ पटेल नगर निवासी 34 वर्षीय प्रीति सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह शीतल छाया अस्पताल में नर्सिंग का कार्य करती हैं। पीड़िता ने बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ी थीं, तभी पड़ोस में रहने वाले प्रिंस साहू और दक्ष राजपूत वहां से निकले। पुरानी मकान संबंधी रंजिश को लेकर दोनों ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि उनके घर पर बम फिंकवाएंगे। महिला ने उस समय उनकी बातों को अनसुना कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार बीती रात करीब 2-15 बजे एक स्कूटी से दक्ष राजपूत अपने एक साथी के साथ उसके घर पहुंचा।

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2026-27 एम./07 दिनांक 23.06.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मोहम्मद इरफान, पिता- मोहम्मद ईशाक** ने मकान नं. 146 पिन. नं. 1000528857 , **वार्ड वीरेन्द्रपुरी वार्ड,** भूतल 300 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

# बड़ा फुहारा स्थित दिगंबर डिजाइनर स्टोर में लगी आग

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** शहर के व्यस्ततम व्यावसायिक क्षेत्र बड़ा फुहारा में मंगलवार दोपहर अचानक आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग दिगंबर डिजाइनर स्टोर में लगी, जिसके बाद आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत राहत कार्य शुरू कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही आसपास की करीब 8 से 10 दुकानों में नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए अग्निशमन गैस सिलेंडर और अन्य प्राथमिक आग बुझाने वाले उपकरणों का उपयोग किया गया। स्थानीय व्यापारियों ने बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से बड़ा हादसा टल गया और आग आसपास की दुकानों तक नहीं फैल सकी। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे व्यापारियों और क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली।

# सनकी दोस्त ने फर्जी इंस्टा आईडी बनाकर मां-बेटी की तस्वीरें कीं वायरल

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** रांझी थाना क्षेत्र में 2600 रुपये के लेन-देन को लेकर एक युवक द्वारा महिला और उसकी बेटी को सोशल मीडिया पर बदनाम करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक ने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर मां-बेटी की तस्वीरों का दुरुपयोग किया और उनके नाम से आपत्तिजनक पोस्ट व अभद्र टिप्पणियां साझा कर दीं।

पुलिस के अनुसार 32 वर्षीय महिला की करीब दो वर्ष पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से हितेंद्र सिंह उर्फ विक्की से पहचान हुई थी। दोनों के बीच बातचीत बढ़ने के बाद मोबाइल नंबर भी साझा किए गए थे और आवश्यकता पड़ने पर ऑनलाइन रुपये का लेन-देन भी होता था। इसी दौरान महिला ने आरोपी से 2600 रुपये उधार लिए थे, जिन्हें वह तय समय पर वापस नहीं कर सकी। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर युवक ने महिला और उसकी बेटी के नाम से तीन से चार फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बना लिए। इन फर्जी खातों पर दोनों की तस्वीरें पोस्ट कर आपत्तिजनक सामग्री साझा की गई और अभद्र टिप्पणियां लिखी गईं। घटना की जानकारी स्वजन से मिलने के बाद महिला रांझी थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक की टक्कर से दामाद बचा, चाचा ससुर की मौत

जबलपुर। शहपुरा के पेट्रोल पम्प के पास मंगलवार को एक ट्रक ने मोटरसाइकिल में सवार चाचा ससुर-दामाद को टक्कर मार दी।

दुर्घटना में घटनास्थल पर चाचा ससुर की मौत हो गई। भतीजा बाल-बाल बच गया। ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गया। पुलिस ने आरोपी की छानबीन शुरू कर दी है।

शहपुरा पुलिस ने बताया कि मंगलवार की रात गुरू कृपा पेट्रोल पम्प के सामने शहपुरा में एक्सीडेंट होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को एक व्यक्ति मृत अवस्था में रोड़ पर पड़ा था। मौके पर चौकीताल निवासी सुरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार राजेश गौड़ एवं अनिल गौड़ के साथ टाईल्स मार्बल का काम करने मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन एम 6113 से बिलपठार गया था। काम करने के बाद वे लोग मोटर सायकल से अपने घर ग्राम नटवारा जा रहे थे। मोटर सायकल वह चला रहा था। बीच में राजेश गौड़ तथा पीछे अनिल गौड़ पीछे बैठा था।

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ -57 2026-2027 दिनांक 18/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती पूर्णिमा विश्वकर्मा, पति श्री रामेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा** भवन क्रंमाक. 1453/3 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000429064 जलकर पिन नं. ......... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती रूकसाना बेगम/ निजामुद्दीन मंसूरी, **वार्ड दीवान आधार सिंह वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 1650 व.फु., निर्मित भूतल 1200 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 1100 व.फु. आर.सी.सी., द्वितीयतल 1000 व.फु. आर.सी.सी. , **विक्रयपत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ -59 2026-2027 दिनांक 22/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती किरण गुजराती, पति - श्री अनिल गुजराती,** खसरा नं. 149/2 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 1004330928 जलकर पिन नं. ......... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - 1. श्री दीपक, 2. अनिल, 3. गोविंद, 4. परवीन गुजराती,चारों के पिता- श्री कमल गुजराती, **वार्ड दीवान आधार सिंह वार्ड ,** निर्मित क्षेत्रफल 600 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 300 व.फु., निर्मित भूतल 300 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 62 2026-2027 दिनांक 24/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती निकहत परवीन खान, पति श्री मोहम्मद कमर खान** भवन क्रं. 2173/1 ख. नं. 142/3 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000365414 जलकर पिन नं. ......... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - 1. श्रीमती गुलाब रानी दुबे, पति श्री कृष्ण कुमार दुबे, विक्रेता- श्री शिशिर दुबे, पिता- चन्द्रशेखर दुबे, **वार्ड शहीद अब्दुल हमीद वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 825 व.फु., निर्मित भूतल 825 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, वसीयतनामा ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 61 2026-2027 दिनांक 22/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1.**श्री जुबेर खान, 2. श्री मोहम्मद सोईब खान, दोनों के पिता श्री शमीम खान** भवन क्रं. 2210/1, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000366101 जलकर पिन नं. ......... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - 1. श्रीमती अफसाना बेगम, पति श्री जावेद अहमद खान 2. श्रीमती राविया खान, पति- जबीर अहमद खान, **वार्ड शहीद अब्दुल हमीद वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 2400 व.फु., निर्मित भूतल 1560 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 60 2026-2027 दिनांक 22/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1.**श्री जुबेर खान, 2. श्री मोहम्मद सोईब खान, दोनों के पिता श्री शमीम खान** भवन क्रं. 2210, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000366050 जलकर पिन नं. ......... **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - 1. श्रीमती अफसाना बेगम, पति श्री जावेद अहमद खान 2. श्रीमती राविया खान, पति- जबीर अहमद खान, **वार्ड शहीद अब्दुल हमीद वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 2400 व.फु., निर्मित भूतल 1742 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./12/ 2026-27/ एम/08 दिनांक 24.06.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती पार्वती रजक, पति स्व. श्री सदन कुमार रजक** ने मकान नं. 149/1 **वार्ड- पं. मदन माहेन मालवीय ,** कुल क्षेत्रफल 200 व.फु. व्यवसायिक, निर्मित क्षेत्रफल 200 व.फु., भूतल 200 व.फु. व्यवसायिक,, **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-12 घंटाघर
नगर निगम जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./12/ 2026-27/ एम/07 दिनांक 24.06.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1.श्री शंकर लाल कोरी, 2. श्री कैलाश कोरी, 3. श्री संजय कोरी, तीनों के पिता- स्व. श्री प्रेमलाल कोरी** ने मकान नं. 1175 **वार्ड- महर्षि अरविन्द ,** कुल क्षेत्रफल 900 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 900 व.फु., भूतल 600 व.फु. कच्चा,+300 व.फु. आर.सी.सी., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-12 घंटाघर
नगर निगम जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2026/ 27/एम/94 दिनांक 24.06.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री हीरालाल चौधरी, पिता स्व. श्री प्रताप चौधरी** ने मकान नं. 2316 पंजाब बैंक कालोनी, पिन. नं. 1000378144 **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल .......... व.फु., भूतल ......... व.फु., प्रथमतल ............ व.फु., **विक्रयपत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2026/ 27/एम/93 दिनांक 24.06.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री करन सोनी, पिता श्री कमल सोनी** ने मकान नं. 3184 तुलसी नगर, पिन. नं. 1000358318 **वार्ड जयप्रकाश नारायण वार्ड,** क्षेत्रफल 460 व.फु., भूतल 350 व.फु., प्रथमतल 350 व.फु., **विक्रयपत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2026/ 27/एम/92 दिनांक 24.06.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती अमृता जैन, पति श्री पंकज जैन** ने मकान नं. आर- 37 विजयनगर, पिन. नं. 9000244644 **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 1000 व.फु. खाली प्लाट, **विक्रयपत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम. ......../ 2026-27 दिनांक 22.06.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **1. श्रीमती गुलाब बाई, पति स्व. श्री मेवा लाल मेहरा, 2. श्री नरेन्द्र मेहरा, पिता स्व. श्री मेवा लाल मेहरा,** ने भवन क्रं. 4729/ए पिन क्र. 1000699543 **वार्ड क्र. 63, वार्ड शहीद भगवत सिंह वार्ड ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी श्री मेवा लाल झारिया, पिता स्व. श्री बाल प्रसाद झारिया, भूतल 400 व.फु. , + 825 व.फु. कच्चा , **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति शपथ पत्र, आधार कार्ड** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ शास. नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-10 रांझी
नगर निगम जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम. 119/ 2026-27 दिनांक 22.06.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती संध्या चौधरी, पति स्व. श्री अशोक चौधरी** ने भवन क्रं. 3575/1ठ पिन क्र. 1000406974 **वार्ड क्र. 64, वार्ड महर्षि सुदर्शन वार्ड ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी श्री किशन लाल चौधरी, पिता- स्व. श्री दमड़ी लाल चौधरी, भूतल 100 व.फु. सी.सी. , **वसीयतनामा, पारिवारिक व्यवस्था पत्र आधार कार्ड** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ शास. नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-10 रांझी
नगर निगम जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम. 115/ 2026-27 दिनांक 19.06.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती वन्दना दाहिया, पति श्री नत्थू लाल दाहिया** ने भवन क्रं. ........... पिन क्र. 1000590844 **वार्ड क्र. 70, वार्ड लाला लाजपत राय वार्ड ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी श्री विश्वनाथ चौधरी, पिता- शिवराम चौधरी, भूतल 224 व.फु. सी.सी. , **विक्रयपत्र, शपथपत्र आधार कार्ड** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ शास. नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-10 रांझी
नगर निगम जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम. 118/ 2026-27 दिनांक 22.06.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री राजेन्द्र सिंह आर्मो, पिता- जयदेव सिंह आर्मो** ने भवन क्रं. 893/3 पिन क्र. 1000415650 **वार्ड क्र. 62, वार्ड भीमराव अम्बेडकर वार्ड ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी का. श्रीमती कृष्णावती रावत, पति श्री रामकिशोर रावत, भूतल 750 व.फु. , **विक्रयपत्र, आधार कार्ड** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ शास. नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-10 रांझी
नगर निगम जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम. 117/ 2026-27 दिनांक 22.06.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती शारदा गुप्ता, पति- दिनेश कुमार गुप्ता** ने भवन क्रं. 293 पिन क्र. 1000415499 **वार्ड क्र. 62, वार्ड भीमराव अम्बेडकर वार्ड ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी श्रीमती शिवपति बाई गुप्ता, पति स्व. श्री रामकुमार गुप्ता, भूतल 250 व.फु. , .............., **आधार कार्ड** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ शास. नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-10 रांझी
नगर निगम जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2026/ एम. 121/ 2026-27 दिनांक 23.06.2026

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री काबिज- श्री गेदा लाल बेन, पिता स्व. श्री छोटे लाल बेन** ने भवन क्रं. 2432 पिन क्र. 1000372826 **वार्ड क्र. 68, वार्ड गोकलपुर वार्ड ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) पंजीकृत स्वामी श्री छोटेलाल, भूतल 1000 व.फु. आर.सी.सी. जी.एफ. , **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र , आधार कार्ड** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ शास. नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-10 रांझी
नगर निगम जबलपुर

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से माँ रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिन्टर्स, तथा 68/1, लक्ष्मीपुर विवेकानन्द वार्ड, मुश्कान प्लाजा के पीछे, एम.आर.-4 रोड, उखरी जबलपुर म.प्र. से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 सांठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। भोपाल मो.नं. 7879652007, जबलपुर मो.नं.9300696096